


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-306 | सीहोर, गुरूवार 30 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# महाकुंभ भगदड़ में 30 लोगों की मौत

## 90 श्रद्धालुओं को लाया गया था अस्पताल; यूपी सरकार के DIG का बयान



प्रयागराज (ए.)। महाकुंभ 2025 के मौनी अमावस्या स्नान के दौरान सुबह मची भगदड़ की चपेट में आने से 90 लोग घायल हुए थे, जिनमें 30 की मौत हो गई है। मृतकों में 25 लोगों की पहचान की गई है। मेला अधिकारी और DIG कुंभ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुधवार सुबह मची भगदड़ पर मेला अधिकारी और DIG कुंभ वैभव कृष्ण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान DM मेला विजय किरण आनंद और डीआईजी मेला वैभव कृष्णा ने श्रद्धालुओं की मौत का आधिकारिक आंकड़ा जारी करते हुए बताया कि भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुई है, इनमें 25 मृतकों की पहचान कर ली गई हैं। वहीं, 36 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### 'भीड़ की वजह से कुछ बैरिकेड टूटे'

डीआईजी ने बताया कि भीड़ की वजह से कुछ बैरिकेड टूट गए। कुछ श्रद्धालु बैरिकेड्स तोड़कर आगे जाना चाहते थे जिससे वहां सोए हुए श्रद्धालुओं पर भीड़ चल पड़ी। हादसे के बाद 90 लोगों को अस्पताल लाया गया। डीआईजी ने बताया कि वहां कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं था।

### घायलों की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

घायलों की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया गया है। बता दें कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से आज सुबह भगदड़ की खबर सामने आई थी। इस हादसे पर पीएम मोदी ने भी दुख जताया था और वह लगातार सीएम योगी के साथ संपर्क में बने हुए थे।

### PM मोदी ने इस हादसे पर क्या कहा ?

पीएम मोदी ने कहा, प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी जी से बातचीत की है




और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं। पीएम ने ये भी कहा, कुंभ में जो दुखद हादसा हुआ है, कई पुण्य आत्माओं को खोना पड़ा है। मैं संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सरकार से लगातार संपर्क में हूं। मौनी अमावस्या की वजह से तहत भीड़ है। कुछ देर के लिए स्नान रुका था, अब सुचारू रूप से चल रहा है।

## मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला, 16300 करोड़ रुपए के खनिज मिशन को दी मंजूरी

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कई बड़े फैसले लिए। मंत्रिमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के खनिज मिशन को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही कैबिनेट ने सी श्रेणी के भारी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की एक्स-मिल कीमत 56.28 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को भी मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से निर्धारित इथेनॉल की कीमतें 2022-23 इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (नवंबर-अक्तूबर) के बाद से नहीं बढ़ाई गई थी। गन्ने के रस, बी-हैवी गुड़ और सी-हैवी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की वर्तमान दरें क्रमश: 65.61 रुपये, 60.73 रुपये और 56.28 रुपये प्रति लीटर हैं।केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इस वर्ष 31 अक्तूबर को समाप्त होने वाली 2024-25 अवधि के लिए इथेनॉल की कीमतों का एलान किया। सी श्रेणी के हैवी शीरे से प्राप्त इथेनॉल की एक्स-मिल कीमत 1.69 रुपये बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को मंजूरी दी गई। बी श्रेणी के भारी गुड़ और गन्ना रस/चीनी/चीनी सिरप से उत्पादित इथेनॉल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। इनकी कीमतें क्रमश: 60.73 रुपये प्रति लीटर और 65.61 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रखी गईं।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार पत्रकार विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में होने वाले सम्मान के लिए चयन समिति गठित

### 14 फरवरी को नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित होगा विभूतियों का सम्मान समारोह



नर्मदापुरम (निप्र)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लेखक, कवि, मूर्धन्य पत्रकार समाजसेवी, स्व विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में 14 फरवरी को नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरियम सभाग्रह में सम्मान समरोह आयोजित होगा। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की उपस्थिति व अनुशंसा पर सम्मानित होने वाली विभूतियों के सम्मान के लिए चयन समितियों का गठन हुआ।जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चयन समिति में ललित जैन, राजकुमार वर्मा, विलक्षण सक्सेना, शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव। कर्मठ राजनैतिज्ञ सम्मान चयन समिति में डॉ सीता सरन शर्मा अभय वर्मा केके सक्सेना, भूपेन्द्र चौकसे। पत्रकारिता सम्मान चयन समिति में डॉ सीता सरन शर्मा, बलराम शर्मा, अजय श्रीवास्तव, विलक्षण सक्सेना। समाजसेवी सम्मान चयन समिति में डॉ सीता सरन शर्मा, शास्त्री नित्य गोपाल कटारे, शरीफ राइन, श्याम राय। साहित्य सेवी सम्मान चयन समिति में डॉ सीता सरन शर्मा, केके सक्सेना, पं गिरीमोहन गुरू, अभय वर्मा। पत्र छायाकार सम्मान चयन समिति में बलराम शर्मा, श्रीमती भावना सक्सेना, श्रीमती हिना अली, कमल चव्हाण। विधी सेवी सम्मान चयन समिति में विलक्षण सक्सेना, केके थापक, तुकाराम यादवेश, अजय श्रीवास्तव, कुशल प्रशासक सम्मान चयन समिति में अजातशत्रु श्रीवास्तव, अरूण भट्ट, केके सक्सेना, वीरेन्द्र बाथम। जन संचार सेवी सम्मान चयन समिति में सुरेश गुप्ता, लाजपत आहूजा, एचएल चौधरी, केके सक्सेना के नाम तय हुए हैं। चयन समितियां जल्द ही सम्मानित होने वाली विभूतियों के नाम का चयन करके घोषणा करेंगी।

## मौनी अमावस्या पर बेतवा नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

विदिशा (आरएनएस)। मौनी अमावस्या पर बुधवार को बेतवा नदी के अलग-अलग घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस साल प्रयागराज में महाकुंभ होने के कारण बेतवा नदी पर श्रद्धालुओं की भीड़ सामान्य से कम रही। श्रद्धालुओं ने नदी में स्नान के बाद प्राचीन मंदिरों में पूजा-अर्चना की और दान-पुण्य किया।प्रशासन की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। बेतवा नदी के सभी प्रमुख घाटों पर होमगार्ड के जवानों की तैनाती की गई थी, जिससे किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। हिंदू धर्म में मौनी अमावस्या का विशेष महत्व माना जाता है। इस वर्ष की विशेषता यह रही कि चंद्रमा और सूर्य मकर राशि में, साथ ही गुरु वृषभ राशि में स्थित थे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## अयोध्या में रामलला दर्शन के लिए उमड़ रही भारी भीड़, सुरक्षा के कड़े इंतजाम



अयोध्या, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला दर्शन के लिए भक्त बड़ी संख्या में आ रहे हैं। इसे देखते हुए मंदिर के आसपास सुरक्षा-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।श्री राम जन्मभूमि के एसपी (सुरक्षा) बलरामाचारी दुबे ने बताया कि महाकुंभ के चलते अयोध्या में दर्शन करने वालों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। उसको देखते हुए काफी अधिक संख्या में फोर्स लगाई गई है।

उन्होंने बताया कि सारे प्रशासनिक अधिकारी भ्रमणशील हैं। परिसर में अच्छे से बैरिकेडिंग की गई है। दर्शनार्थियों को कतारबद्ध चलने को कहा जा रहा है। पीएफसी में उनके सामान जमा करते हैं, फिर दर्शन कराया जा रहा है। प्रवेश और निकास मार्ग अलग-अलग बने हैं जिससे भीड़ एकत्रित न हो। जो भी सावधानी हो उसे बरत रहे हैं। जितने भी श्रद्धालु आ रहे हैं उन्हें दर्शन करा सकें।

गौरतलब है कि अयोध्या के राम मंदिर में रविवार को अनुमान से अधिक संख्या में भक्त पहुंचे, जिस वजह से निकासी मार्ग को बदलना पड़ा। वहीं, अयोध्या की प्रमुख सड़कों पर लोगों को भीषण जाम का सामना करना पड़ा। इसे देखते हुए ट्रस्ट को अपील करनी पड़ी।

## प्रयागराज महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए म.प्र.-उ.प्र. सीमा पर की गई है पुख्ता व्यवस्था : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं से की प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने और संयम बनाए रखने की अपील



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रयागराज में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने से रीवा जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत सीमा पर पहुँच रहे हजारों श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी श्रद्धालुओं से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने और संयम बनाए रखने की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये प्रदेश के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं, जो श्रद्धालुओं के खाने-पीने से लेकर ठहरने की समुचित व्यवस्था का ध्यान रख रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए डॉक्टर्स की टीम भी मौके पर उपलब्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के महापर्व पर तीर्थराज प्रयाग में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान करने पहुंच रहे हैं। स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं को रीवा जिले में मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश की सीमा पर रूकने का सुझाव दिया गया है।


## महोना में पेप्सी से भरा कटेनर अनियंत्रित होकर दुकानों में घुसा, तीन की मौत, दो घायल

लखनऊ (आरएनएस)। लखनऊ के महोना कस्बे में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। पेप्सी से भरा कंटेनर (नंबर K-08-CA-6948) अनियंत्रित होकर चौरसिया तिराहे पर दुकानों में घुस गया, जिससे बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया।पुलिस और प्रशासन की टीम ने पांच लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया।

## गायत्री फूड लिमिटेड फैक्ट्री पर ईडी की बड़ी कार्रवाई, फैक्ट्री मालिक के कई ठिकानों पर छापा



सीहोर(आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय ने सीहोर के पीपलिया मीरा स्थित गायत्री फूड प्रोडक्ट लिमिटेड फैक्ट्री सहित कई ठिकानों पर छापा मारा। यह कार्रवाई फैक्ट्री के मालिक किशन मोदी और उनके बेटे अमित मोदी के निवासों पर भी की गई। सूत्रों के मुताबिक, ED ने पनीर फैक्ट्री, पारस विहार कॉलोनी और क्रिसेंट कॉलोनी में छापेमारी की। यह वही फैक्ट्री है, जहां से देश और विदेशों में डेयरी उत्पादों की आपूर्ति की जाती है। ईडी की टीम ने सुबह से ही मुरैना में फैक्ट्री संचालक के निवास और भोपाल स्थित कार्यालय पर भी दबिश दी। इससे पहले भी लगभग छह महीने पहले इसी फैक्ट्री पर अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारा गया था। लेकिन इस बार कार्रवाई को और भी बड़ी और गंभीर माना जा रहा है। ईडी के अधिकारी दस्तावेजों की गहन जांच कर रहे हैं।बताया जा रहा है कि जब ईडी की टीम किशन मोदी के घर पहुंची, तो घर बाहर से बंद मिला। जिसके बाद अधिकारियों ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दस्तावेजों की जांच शुरू की। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि श्वष्ठ की यह रेड किस वजह से हुई है।फिलहाल ईडी के अधिकारी अंदर दस्तावेजों की छानबीन कर रहे हैं और अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन इस छापे को किसी बड़ी वित्तीय गड़बड़ी या आर्थिक अनियमितता से जोड़कर देखा जा रहा है। अब देखना होगा कि इस हाई-प्रोफाइल कार्रवाई के बाद श्वष्ठ क्या खुलासा करती है और फैक्ट्री मालिकों पर क्या कानूनी शिकंजा कसा जाता है।




## मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू किया जाए : कमलनाथ



भोपाल(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के जबलपुर उच्च न्यायालय द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को लेकर दायर की गई याचिका खारिज किए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य सरकार से ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिए जाने की मांग की है।मध्य प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बुधवार को कहा कि हाई कोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें राज्य शासन द्वारा प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण देने के फैसले का विरोध किया गया था। यह कांग्रेस पार्टी की नीतियों की जीत है।


उन्होंने कहा कि मार्च 2019 में जब वह मुख्यमंत्री थे तो मध्य प्रदेश के ओबीसी समुदाय को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया था। हाई कोर्ट के फैसले ने तत्कालीन सरकार के निर्णय को एक बार फिर सही साबित किया है। अब मध्य प्रदेश सरकार को तत्काल सभी स्तर पर 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण देना सुनिश्चित करना चाहिए।कांग्रेस नेता ने भाजपा पर ओबीसी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कमलनाथ ने कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर भाजपा ने हमेशा षड्यंत्रकारी रवैया अपनाया है। अगर पिछले छह साल के घटनाक्रम को देखें तो यह बात और ज्यादा स्पष्ट हो जाती है।

## महाकुंभ से लौट रहा व्यक्ति सूखी सेवनिया रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से गिरा, मौत

भोपाल (आरएनएस)। महाकुंभ से लौट रहे भोपाल के व्यक्ति सूखी सेवनिया रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से गिर गए। घायल हालत में उन्होंने बेटे को कॉल कर बताया कि सूखी रेलवे ट्रैक पर चलती ट्रेन से गिर गया हूं। मुझे बचा लो, परिजनों ने ट्रैक पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां कुछ देर चले इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।हादसा मंगलवार रात का है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।मृतक कल्ला बंशकार (50) निवासी छोला मंदिर हम्माली का काम करते थे। उनके बेटे रवि बंशकार ने बताया कि शनिवार को पिता प्रयागराज में आयोजित कुंभ में जाने का बोलकर निकले थे। कुंभ में स्नान किया दो दिन वहीं रुके और तीसरे दिन मंगलवार की तड़के सुबह भोपाल के लिए रवाना हुए। ट्रेन में गेट पर बैठे थे, तभी उन्हें नींद का झोंका आ गया।इससे वे ट्रेन से गिर गए, घायल हालत में स्वयं कॉल कर जानकारी दी। उनके बताए अनुसार रेलवे ट्रैक पर पहुंचे। तब तक उनकी सांसें चल रही थीं। इलाज के दौरान मंगलवार की देर रात उनकी मौत हो गई। बुधवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। सूखी सेवनिया पुलिस हादसे की जांच में जुटी है।

## कांग्रेस ने जारी किया अपना दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर घोषणा पत्र

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इस गारंटी का इस्तेमाल आज सभी पार्टियां कर रही हैं। पहली बार कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक चुनाव के दौरान गारंटी शब्द का इस्तेमाल किया था।हम चाहते थे कि जनता तक ये संदेश जाए कि कांग्रेस जो कहती है, वह करती है। ये गारंटी सिर्फ पार्टी की नहीं है बल्कि ये जनता का हक है। कांग्रेस ने दिल्ली के लिए अपनी 5 गारंटी बहुत पहले ही दे दी है जिन्हें पूरा किया जाएगा। जयराम रमेश ने कहा कि कर्नाटक के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने गारंटी शब्द का इस्तेमाल किया। आज सभी इस्तेमाल कर रहे हैं। जनता का अधिकार है गारंटी।







# देश के दिल मध्यप्रदेश आइये, निवेश करिये, हम हरसंभव करेंगे सहयोग : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## जापान, मध्यप्रदेश में निवेश और आर्थिक सहयोग के प्रयासों को करेगा तेज : उप मंत्री श्री मात्सुमोतो



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान प्रवास के दूसरे दिन बुधवार को अनेक जापानी कम्पनियों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों से मध्यप्रदेश में निवेश संबंधी चर्चा की। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं के अवसरों की जानकारी दी। जापान के विदेश मंत्रालय में उप मंत्री श्री हिसाशी मात्सुमोतो ने कहा कि जापान भारतीय राज्यों, विशेष रूप से मध्यप्रदेश में निवेश और आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के प्रयासों को तेज करेगा। जेट्रो के अध्यक्ष श्री सुसुमु काताओका ने कहा कि जापानी कम्पनियों के लिये मध्यप्रदेश ने निवेश को साझा करने और नई साझेदारियां स्थापित करने के लिये भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जापान दौरा सही समय पर हुआ है। जेट्रो मध्यप्रदेश में अपना कार्यालय भी खोलेगा। जापान इन्टरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जीका) के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट श्री शोहई हारा ने मध्यप्रदेश में ग्रामीण जल आपूर्ति हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश करने की मंशा जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से कहा कि देश के दिल मध्यप्रदेश आइये, निवेश करिये, हम हरसंभव सहयोग करेंगे, आवश्यक हुआ तो पॉलिसी में भी संशोधन भी करेंगे।

**मध्यप्रदेश और जापान के बीच औद्योगिकी भागीदारी को बढ़ाने पर हुई चर्चा**

जापान विदेश मंत्रालय के संसदीय उप मंत्री श्री हिसाशी मात्सुमोतो ने भारत को जापान का महत्वपूर्ण सहयोगी बताते हुए कहा कि भारत जापान की 'फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक' स्थिरता और विकास की विदेशी नीतियों की संकल्पना को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जापान भारतीय राज्यों, विशेष रूप से मध्यप्रदेश में निवेश और आर्थिक सहयोग को और बढ़ाने के प्रयासों को तेज करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से जापान दौरे के दूसरे दिन उप मंत्री श्री मात्सुमोतो ने मुलाकात की। यह बैठक भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों को और सशक्त बनाने मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने और मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिये उपलब्ध अवसरों की जानकारी देने पर केंद्रित रही।

**मध्यप्रदेश-जापान सहयोग को सशक्त करने पर हुई चर्चा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत और जापान के बढ़ते सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जापान का भारत विशेष रूप से मध्यप्रदेश में किये जाने वाला निवेश, रणनीतिक दृष्टिकोण से बहुत अहम है। उन्होंने चर्चा में जापान के विदेश मंत्रालय के उप मंत्री श्री मत्सुमोतो से आगे भी इस दिशा में और गति कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में जापानी निवेशकों के लिए बहुत अच्छे अवसर हैं, खासकर शहरी परिवहन, जल प्रबंधन और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में निवेश की अपार संभावनाएं है। मध्यप्रदेश में मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, कुशल मानव संसाधन और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा है, जो विदेशी निवेशकों के लिए लाभकारी हो सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जलवायु परिवर्तन, जल प्रबंधन, और शहरी क्षेत्र विकास में जापान के साथ तकनीकी सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इन क्षेत्रों में जापानी विशेषज्ञता को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए हमें जापान के सहयोग की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में व्यापार और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

## 07093/07094 विजयवाड़ा-गया-विजयवाड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01-01 ट्रिप



**भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी**

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 07093/07094 विजयवाड़ा-गया-विजयवाड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01-01 ट्रिप चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 07093 विजयवाड़ा-गया कुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 07093 विजयवाड़ा-गया कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 05 फरवरी 2025 (बुधवार) को विजयवाड़ा स्टेशन से रात 19.20 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन दोपहर 13.10 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 10.00 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 07094 गया-विजयवाड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 07094 गया-विजयवाड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 08 फरवरी 2025 (शनिवार) को शाम 19.45 बजे गया स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन 15.40 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 08.00 बजे विजयवाड़ा स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में माधिरा, खम्मम, डोर्नकल जंक्शन, महबूबाबाद, वारंगल, जामिकुंटा, पेद्दापल्ली, रामगुंडम, बेलमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर जंक्शन, बैतूल, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच संरचना**

इस विशेष ट्रेन में 3 सामान्य श्रेणी, 6 शयनयान श्रेणी, 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 2 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (इकोनॉमी) के डिब्बे सहित कुल 19 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या ह्ल्लश्वस् ऐप डाउनलोड करें।

## गायक कलाकार मित्र समूह का वार्षिक मिलन समारोह फरवरी में

भोपाल, (आरएनएस)। गायक कलाकार मित्र समूह, ग्वालियर के वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन पहली बार भोपाल में किया जा रहा है। कोलार रोड स्थित होटल वेस्टर्न में एक और दो फरवरी को होने वाले इस कार्यक्रम में देशभर के 40 सदस्य आ रहे हैं जो केरल, पुणे, मुंबई, रायपुर, कांकेर, इंदौर, ग्वालियर, दतिया के अलावा अन्य शहरों से हैं। गायक कलाकार मित्र समूह के संस्थापक सुरेश घोडके ने बताया कि कार्यक्रम की संगम सुरों का नाम दिया गया है। एक फरवरी को एक शाम दोस्तों के नाम का आयोजन किया गया है और दो फरवरी की सुबह दस बजे से संगम सुरों का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## हरे-भरे पेड़ों के बीच दोना-पत्तल में बच्चों ने किया भोजन

### -अमोलखोह में सम्पन्न हुआ अनुभूति कार्यक्रम

भोपाल(आरएनएस)। हरे-भरे पेड़ों के बीच जमीन में बैठकर सैकड़ों छात्रों ने दोना पत्तल में भोजन किया,इस अवसर पर छात्र रोमांचित और उत्साही दिखे।दरअसल वन परिक्षेत्र नोरोजाबाद अंतर्गत अमोलखोह में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया,इस कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय घुलघुली के करीब 126 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।इस मौके पर बच्चों को नेचर ट्रेल पक्षी के दर्शन कराए गए और बाघ की महत्ता को समझाया।अनुभूति कार्यक्रम में प्लास्टिक सामग्री पूर्णत: प्रतिबंधित रही।खास बात ये थी कि विज्ञापन सामग्री भी प्राकृतिक सामग्री से निर्मित की गई थी।प्रकृति प्रेमी बच्चों के संतुलन में ।प्रकृति प्रेमी बच्चों को इस मौके पर वैद्य महेंद्र साहू ने ऊमर,जामुन,कहुवा एवम वनस्पति की उपयोगिता बताई। अनुभूति कार्यक्रम में शामिल हुए डीएफ्ओ विवेक सिंह ने उपस्थित बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि प्रकृति हमारी धरोहर है,हम सबको मिलकर इसकी सुरक्षा करने की आवश्यकता है।एसडीओ उमरिया कुलदीप त्रिपाठी ने बच्चों को प्रकृति से जुड़े रहने की नसीहत दी और इको पर्यटन प्रदेश के वन वन्यप्राणी एवम पर्यावरण संरक्षण में जनजागरूकता का महत्व बताया।कार्यक्रम में वन परिक्षेत्राधिकारी पीयूष त्रिपाठी के अलावा वन पाल नंद लाल चौधरी,वन रक्षक किशन लाल नंदा, अमित सिंह,मेघराज सिंह,अजय सिंह के साथ प्रेरको की भूमिका सराहनीय रही।अनुभूति कार्यक्रम के इस कुदरती माहौल में बच्चों ने ड्राइंग,क्विज़ एवम स्पीच प्रतियोगिता में हिस्सा भी लिया, कार्यक्रम उपरांत बच्चों ने फीड बैक भी दिया और कार्यक्रम की प्रशंसा भी की।

### अब जेपी अस्पताल में हो सकेगी कैदियों की एमआरआइ जांच

भोपाल, (आरएनएस)। सेंट्रल जेल के कैदियों की एमआरआइ जांच अब जेपी अस्पताल में हो सकेगी। इसके लिए जेल विभाग एक नया समझौता (एमओयू) जेपी अस्पताल में एसआरआइ का संचालन कर रही एजेंसी के साथ करने जा रहा है। इस प्रक्रिया में जेपी अस्पताल प्रबंधन को भी जोड़ा जाएगा, जो जांच की मानिटरिंग का कार्य करेगा।

## कई गोदामों की नीलामी के बने हालात



भोपाल (आरएनएस)। मप्र में एक तरफ सरकार प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के अभियान में जुटी हुई है, वहीं दूसरी तरफ स्थिति यह है कि 8,000 करोड़ रुपए का निवेश डूबने के कगार पर है। इसकी वजह यह है कि गोदाम संचालकों को पिछले दो साल से किराया का भुगतान नहीं किया जाना। निजी गोदामों का 2100 करोड़ का भुगतान होना है। दरअसल, भारत सरकार की ग्रामीण भंडारण योजना के तहत प्रदेश में करीब 8,000 करोड़ रुपए का निवेश कर आठ हजार गोदामों का निर्माण किया गया था। ये गोदाम मप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन को किराए पर दिए गए हैं, जहां गेहूं, धान, मूंग, चावल, चना, सरसों जैसी सरकारी खरीद की फसलों का भंडारण किया जाता है। लेकिन पिछले कई वर्षों से सरकार की ओर से किराए का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मप्र सरकार के आह्वान पर प्रदेशभर में लोगों ने बैंकों से कर्ज लेकर गोदामों का निर्माण करवाया है। प्रदेश में 8,000 गोदाम हैं, जिनमें वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन किसानों से खरीदे गए अनाज को रखता है। लेकिन पिछले कुछ सालों से गोदामों का किराया संचालकों को नहीं दिया जा रहा है। इससे कई गोदाम संचालकों की आर्थिक स्थिती गड़बड़ा गई है। संचालकों का आरोप है कि पैसा नहीं मिलने की वजह से अनाज में दवाओं की व्यवस्था, कर्मचारियों का वेतन और किराया बिल भुगतान आदि कर्ज लेकर करना पड़ रहा है। जिनके गोदाम किश्तों पर बने हैं, उनके डिफाल्टर होने की नौबत है।


### प्रयागराज छिवकी-बीना-सुबेदारगंज ट्रेन अब खजुराहो स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट होगी

भोपाल (निप्र)। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालन संबंधी सुगमता एवं ट्रेन संख्या 01818 के अत्यधिक विलंब को देखते हुए, 29 जनवरी 2025 को ट्रेन संख्या 01818 (प्रयागराज छिवकी जंक्शन - बीना) को खजुराहो स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। अत: यह ट्रेन खजुराहो से बीना के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी। इसी कारण ट्रेन संख्या 01819 (बीना - सुबेदारगंज (प्रयागराज)) अब खजुराहो से शुरू होगी। यात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए रेलवे की अधिकृत पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करके यात्रा प्रारंभ करें।

## हमीदिया में मरीजों को खाना बांटते समय कर्मचारी की मौत

भोपाल(आरएनएस)। हमीदिया अस्पताल में सोमवार सुबह मरीजों को खाना बांटते समय कर्मचारी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वह गश खाकर गिर गया था। आसपास के लोग उसे डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों को हार्ट अटैक से मौत होने का अंदेशा है। पुलिस के अनुसार, लक्की मालवीय पुत्र अशोक (27) तलैया क्षेत्र में रहता था। वह हमीदिया में हाउस कीपिंग के तहत मरीजों को खाना बांटने का काम करता था। लक्की सोमवार दोपहर करीब 2.30 बजे अस्पताल के ए ब्लॉक की तीसरी मंजिल पर मरीजों को खाना बांट रहा था, तभी गश खाकर गिर गया। आसपास के लोग उसे डॉक्टर के पास ले गए, जहां चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अंदेशा है कि लक्की को हार्ट अटैक आया होगा। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## पमरे खेल कूद संघ द्वारा दो दिवसीय अंतर मंडलीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन




### भोपाल मण्डल की टीम ओवरऑल विजेता एवं जबलपुर मण्डल टीम उपविजेता रही

भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ द्वारा रेलवे स्टेडियम पर आयोजित अंतर मंडलीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 का फाइनल मैच पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में खेला गया। जिसमें भोपाल मंडल ने जबलपुर मंडल को 4-0 से पराजित कर विजेता तथा जबलपुर मंडल की टीम ने उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। फाइनल मैच में भोपाल मंडल ने आक्रामक खेलते हुये प्रत्येक क्वार्टर में 01-01 गोल मारते हुये 04 क्वार्टर में 04 गोल किये, जिसमें ताज ने 02 तथा मयंक जेम्स एवं सादिक ने 01-01 गोल किये। जबलपुर मंडल टीम के कप्तान एवं वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी कुशाल सिंह ने न केवल एक खिलाड़ी के रुप में भाग लिया अपितु इस प्रतियोगिता को शानदार तरीके से आयोजित भी करवाया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा सुरेश मेहता, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी तथा अरुण कुमार यादव, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता का एक अन्य मैच कोटा मंडल एवं जबलपुर मंडल के मध्य खेला गया इसमें जबलपुर मंडल ने 6-3 से जीत हासिल की। जबलपुर मंडल की ओर से मोहित ने 03 तथा मनोज महावर, हसन अली एवं रितेश ने 01-01 गोल किये।

कोटा मंडल की ओर से संजय चैहान, सिराज एवं चंद्रपाल ने 01-01 गोल किये। जबलपुर मंडल ने इस मैच जीतकर फाईनल में स्थान बनाया। आज के मैचों में विशेष अतिथियों के रुप में अपर महाप्रबंधक नितिन चौधरी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात, मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा सहित सचिव महाप्रबंधक राहुल जयपुरियार, मंडल खेलकूद अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रजनीकांत साहू एवं मुख्यालय और मण्डल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। आज के मैचो में ऑफिशियल के रूप में विजय पांचाल, शाहिद बेग, ओवेज शेर खान, अशरफ अली, हसन अली, गजेंद्र मेहरौलिया, गणेश श्रीवास्तव, तबरेज शेर खान एवं आरिफ अली रहे।

## एक पंथ दो काज... ठेकेदार जहां से सडक़ बनाने मिट्टी खोदेगा, वहीं बनाएगा तालाब

भोपाल, (आरएनएस)। प्रदेश में अब पुल-पुलिया, सडक़ों के साथ-साथ उसी पैसे में ठेकेदार तालाबों का भी निर्माण भी करेंगे। तालाब से निकलने वाली गिट्टी-मिट्टी का उपयोग सडक़ों के निर्माण में होगा। इन्हें रॉयल्टी दी जाएगी। इसके लिए पीडब्ल्यूडी लोक सरोवर योजना लांच करने की तैयारी कर रहा है। यह अनिवार्यता पाँच करोड़ की लागत वाले निर्माण कार्यों में लागू होगी। सडक़ों के निर्माण में ठेकेदार गिट्टी-मिट्टी खरीदने का काम करते हैं। निर्माण में जो मिट्टी निकाली जाती हे उसके ऐवज में ठैकेदारों को रॉयल्टी देना पड़ता है। अब ठेकेदार गिट्टी-मिट्टी खरीदने के बजाय खुद उत्खनन कर उसका उपयोग करेंगे। इससे निर्माण की लागत कम होगी। ठेकेदारों को सिर्फ खनिज परिवहन के लिए राशि देनी होगी। जहां से मिट्टी खोदी जाएगी, वहीं पर तालाब बनेगा।

## ई-साइकिल में भी हेलमेट नहीं लगाने पर कटेगा चालान

भोपाल, (आरएनएस)। स्कूटर, बाइक की तर्ज पर बिना हेलमेट के ई-साइकिल चलाने पर जुर्माना लगाया जाएगा। सरकार ने ईवी पॉलिसी-2025 में ई-साइकिल में हेलमेट लगाना अनिवार्य किया है। साइकिल चलाने के लिए शहरी क्षेत्रों में सडक़, पार्किंग, साइकिल पुलिंग, बैटरी स्वैपिंग सेंटर सहित अन्य बुनियादी ढांचों की व्यवस्था निकाय करेंगे। साइकिल के लिए परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन से छूट रहेगी, लेकिन चेसिस नम्बर सहित अन्य जानकारी डीलर ओर खरीदार को रखनी होगी।

## कुत्ते-बिल्ली का पंजीयन नहीं कराया तो लगेगा जुर्माना

भोपाल(आरएनएस)। शहर के पशु पालक ध्यान दें, अब पलतू कुत्ते और बिल्लियों का नगर निगम में पंजीयन करवाना अनिवार्य है, यदि पंजीयन नहीं कराएंगे तो निगम 500 रुपए का जुर्माना लगाएगा। निगम ने पशु पालकों से अपील की है कि वह जल्द पंजीयन कराएं और जुर्माने की कार्रवाई से बचें। निगम ने पालतू कुत्ते-बिल्लियों के पंजीयन के लिए पशु चिकित्सा शाखा हर्षवर्धन काम्पलेक्स माता मंदिर स्थित पशु चिकित्सा शाखा के अतिरिक्त राज्य पशु चिकित्सालय जेल पहाड़ी जहाँगीराबाद पशु चिकित्सालय, सदर मंजिल के पास फतेहगढ़, बैरागढ़ पशु चिकित्सालय और पशु औषधालय बैरागढ़ चीचली में पंजीयन की सुविधाा उपलब्ध कराई हे। प्रति कुत्ते के रजिस्ट्रेशन का शुल्क 150 रुपए, बिल्ली का शुल्क 50 रुपए है। पालतू कुत्ते ओर बिल्ली के लाइसेंस की अवधि एक वर्ष है। पालतू पशुओं का पंजीयन न होने पर पशु मालिक पर लाइसेंस शुल्क के अतिरिक्त 500 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

## डेरी विस्थापन ठप, सड़कों पर मवेशी

भोपाल(आरएनएस)। शहर की सडक़ों को मवेशी मक्त करने के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम कई प्रयास करने में जुटा हुआ है। इनमें सक एक प्रयास डेरी विस्थापन योजना भी बनाई थी, लेकिन यह ठप हो गई है। दरअसल, इस योजना के तहत शहर में संचालित डेरियों कको बाहर शिफ्ट किया जाना था। इनके लिए स्थान भी चिह्नित किए गए थे, लेकिन अमल नहीं हो सका है। योजना फाइलों तक ही सीमित होकर रह गई। नतीजतन शहर में छोटी-बड़ी 800 से अधिक डेरियां संचालित हो रही हैं, जिनमें गौवंश, भैंस आदि मवेशी पाले जा रहे हैं और यह मवेशी जब दूध देना बंद कर देते हैं तो इनको पशुपालकों के द्वारा बेसहारा छोड़ दिया जाता है। वर्ष 2016 में प्रदेश के सभी बड़े शहर मवेशी मुक्त घोषित हो चुके हैं। जिले में डेयरी विस्थापन को लेकर लगातार योजनाएं बनती आ रही हैं लेकिन वह फाइलों से बाहर नहीं आ सकी हैं। इसी वजह से सडक़ों पर घूमते बेसहारा मवेशियों की वजह से ट्रैफिक जाम और सडक़ पर हादसे की स्थिति बन जाती है।

## परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी अनिवार्य, वीडियो एक साल तक संभालना होगा

भोपाल, (आरएनएस)। बीयू की स्नातक प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की परीक्षाओं अगले, एक-दो माह में होने वाली हैं। ऐसे में नकल प्रकरण पर रोकने और मूल्यांकन को लेकर विवि कई एहतियातन बरत रहा है। इन परीक्षाओं का आयोजन सीसीटीवी की निगरानी में होगा। रिकार्डिंग के वीडियो को एक साल तक संभाल कर रखना होगा। इसके अलावा मूल्यांकन केंद्र पर भी सीसीटीवी लगाना अनिवार्य है। इस संबंध में संबंधित परीक्षा ओर मूल्यांकन केंद्रों को निर्देशित किया गया है।

## भ्रष्टाचर के मामलों में फर्जी बिल बनाने वाले भी नपेंगे

भोपाल(आरएनएस)। भ्रष्टाचार के मामलों में फर्जी बिल बनाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की तरफसे वाणिज्यिक कर विभाग को ऐसे बिल भेजकर पूछा जा रहा है कि जीएसटी, वैट की कितनी और किस तरह की चोरी की गई है। हाल ही मं जबलपुर, मंडला व आसपास के अन्य जिलों में पांच ठेकेदारों द्वारा कथित तौर पर 37 करोड़ रुपये के डम्पर खरीदी के बिल लगाए थे। इन सडक़ों का निर्माण मप्र सडक़ विकास निगम ने कराया था। ईओडब्ल्यू ने पिछले सप्ताह ही इस मामले में पांच ठेकेदारों के विरुद्ध एफआइआर कायम की थी। ईओडब्ल्यू अब इस तरह के हर बिल की जांच कराएगा, जिससे पता चल सकेगा कि भ्रष्टाचार के आरोपित ने ही खुद फर्जी तरीके से बिल बना लिए हैं या किसी व्यावसायिक संसथान ने बनाए हैं। संस्थान ने बनाए हं तो इसमें जीएसटी की चोरी की है या नहीं। इसी आधार पर जीएसटी चोरी की कार्रवाई की जाएगी।

## 14 हजार 986 वक्फसंपत्तियों का होगा भौतिक सत्यापन

भोपाल(आरएनएस)। मध्य प्रदेश में वक्फ की 14 हजार 986 संपत्तियों का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा और इसकी रिपोर्ट तैयार कर केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। दरअसल, केंद्र सरकार के वक्फएक्ट में बदलाव के प्रयास के साथ ही सरकार ने प्रदेश में वक्फ संपत्ति का भौतिक सत्यापन शुरु कर दिया है। इसके लिए मप्र पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजा है और वक्फ संपत्ति का सर्वे करने के लिए क्षेत्र के पटवारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जो गजट नोटिफिकेशन और मौके पर कब्जे क आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। राजस्व विभाग और कलेक्टरों से कहा गया है कि वक्फ को संपत्ति के नामांतरण और उस पर अतिक्रमण के साथ उसके अलगाव, हस्तांतरण, विक्रय की जानकारी दी जाएगी। निष्क्रांत संपत्ति, पट्टा किराए पर दी गई संपत्ति ओर शासकीय भूमि से संबंधित जानकारी भी पोर्टल पर अपडेट करना होगी। देशभर के वक्फ बोर्ड में व्यवस्थाओं और नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी की जा रही है। केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फएक्ट में 40 संशोधनों पर चर्चा की है, जिससे वक्फ संपत्तियों के अनिवार्य सत्यापन और वक्फ बोर्ड के अधिकारों को सीमित किया जाएगा। देश भर में इस बदलाव में मध्य प्रदेश की अरबों रुपये की संपत्ति प्रभावित होगी। प्रदेश की 14 हजार 986 प्रापर्टी इसकी जद में आएंगी। प्रदेश में वक्फ प्रापर्टी का सर्वे कराकर आनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

# बढते हुए तापमान से गेहूं की फसल के बचाव के लिए किसान भाईयो के लिये समसामिक सलाह

झाबुआ (ए.)। कलेक्टर नेहा मीना के सतत् मार्गदर्शन में रबी मौसम में 2024-25 अंतर्गत फसलो की स्थिति का जायजा लेने हेतु जिला स्तरीय दल उप संचालक कृषि जिला झाबुआ एन.एस. रावत के द्वारा विकासखण्ड राणापुर के ग्राम बन, भोडली, चुई, भुतखेड़ी एवं सारसवाट क्षेत्र में रबी फसल चना, गेहूँ एवं मक्का फसलो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चना, गेहूँ एवं मक्का फसल बेहतर स्थिति में हैं।



**बढते हुए तापमान से गेहूं की फसल के बचाव के लिए निम्नानुसार उपाय करे :-**

दिन का तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस व रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहता है, तब तक किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। रात व दिन का तापमान मिलाकर औसत 22 डिग्री सेल्सियस गेहूं की पैदावार के लिए सबसे उत्तम माना गया है। औसत तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक को फसल सहन कर सकती है, पर दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर होने पर गेहूं के बनने वाले दानों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। बढ़े हुए उच्च तापमान से बचने के लिए किसानों को आवश्यकता अनुसार हल्की सिंचाई करने की सलाह दी जाती है। जब तेज हवा चल रही हो तो सिंचाई रोक दें अन्यथा फसल के गिरने से नुकसान हो सकता है। जिन किसान भाइयों के पास फव्वारा सिंचाई की सुविधा है वे दोपहर को तापमान वृद्धि के समय आधा घंटा फव्वारे से सिंचाई कर सकते हैं। गेहूं फसल में बालियां निकलते समय या अगेती गेहूं की बालियां निकली हुई हैं तो भी 0.2 प्रतिशत पोटेशियम क्लोराईड यानी कि 400 ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश (पोटाश खाद) 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करने से तापमान में अचानक हुई वृद्धि से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। पछेती बुआई किये गये गेहूं फसल में पोटेशियम क्लोराईड का छिड़काव 15 दिनों के अंतराल पर दो-बार किया जा सकता है। किसान भाई नजदीकी कृषि कार्यालय अथवा मैदानी कृषि अमले से सम्पर्क कर उचित सलाह लें। कृषि विज्ञान केन्द्र से भी सम्पर्क कर उचित सलाह लें।

## दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिये 30 जनवरी को रोजगार कार्यालय में विशेष प्लेसमेंट ड्राइव


ग्वालियर (ए.)। जिला रोजगार कार्यालय में 30 जनवरी को खासतौर पर दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिये प्लेसमेंट ड्राइव रखी गई है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड मालनपुर द्वारा दिव्यांग युवक-युवतियों की टाईम कीपर व मशीन ऑपरेटर पद पर भर्ती की जायेगी। निजी कंपनी में नौकरी करने के इच्छुक दिव्यांग अभ्यर्थी अपनी समग्र आईडी, रोजगार पंजीयन क्रमांक एवं शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र व बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले सकते हैं। ज्ञात हो जिला रोजगार कार्यालय मुरैना लिंक रोड पर गदाईपुरा स्थित रेडीमेड गारमेंट पार्क परिसर में संचालित है। यहीं पर 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा।

उप संचालक रोजगार पवन कुमार भिमटे ने बताया कि टाईम कीपर पद की भर्ती में बीकॉम, बीबीए व एमबीए योग्यताधारी 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थी को 25 से 30 हजार रूपए मासिक वेतन (स्टायपेड) देय होगा और कार्य स्थल तक के लिये बस सुविधा एवं कैन्टीन सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसी तरह मशीन ऑपरेटर के लिये आईटीआई या डिप्लोमाधारी 18 से 40 वर्ष के दिव्यांग युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थी को 16 से 20 हजार रूपए मासिक वेतन (स्टायपेड) मिलेगा। साथ ही बस व कैन्टीन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने के लिये युवाओं को समग्र आईडी, रोजगार पंजीयन क्रमांक, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र व बायोडाटा के साथ उपस्थित होना होगा।

## 27 दिनों में नौ लोगों ने किया सुसाइड

इंदौर,(आरएनएस)। शहर में बढ़ते अपराधों के साथ अब युवाओं द्वारा की जा रही आत्महत्या भी पुलिस के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। जबकि प्रशासन और पुलिस प्रशासन दोनों ही सुसाइड केस में कमी लाने के प्रयास कर रहे हैं। जनवरी के 28 दिन में ही शहर में आठ लोगों ने आत्महत्या कर अपनी जवीन लीला समाप्त कर ली। औसत देखा जाए तो हर तीन दिन में एक सुसाइड केस सामने आ रहा है। लगातार हो रही इन आत्महत्याओं के साि ही प्रशासन की मुहिम पर भी सवाल उइने लगे हैं।

## उड़ी सरपंच को दिल्ली गणतंत्र दिवस समरोह में प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया था विशेष आंमत्रण



दतिया (ए.)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 76वा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 के शुभ अवसर पर दतिया जिले के ग्राम उड़ी सरपंच श्रीमती शुभा शर्मा को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय समारोह में भाग लेने के लिए विशिष्ट आमंत्रण दिया गया था। इस गांव के युवा सरपंच को समारोह में आमंत्रित किए जाने से क्षेत्र के लोगों में खुशी थी और लोगों का कहना है कि यह केवल सरपंच के लिए बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। उड़ी सरपंच श्रीमती शर्मा ने बताया कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू द्वारा दिल्ली में कर्तव्य पल से 76वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सबका अभिवादन किया और भारत की समृद्धि, सांस्कृतिक विविधता, एकता, समानता, विकास और सेन्य शक्ति का अनूठा प्रदर्शन देखकर मन अभिभूत हो गया।

## डॉलर मार्केट में बेहोश होकर गिरी युवती

इंदौर,(आरएनएस)। डॉलर मार्केट में एक युवती बेहोश हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ मोबाइल खरीदने पहुंची थी। इसी दोरान बेहोश होकर गिर गई। साथी उसे नजदीक के अस्पताल ले गए। यहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना गत दिवस जेल रोड के मोबाइल मार्केट डॉलर की है। यहां पर शॉप नंबर 17 सदूरू कलेक्शन पर एक युवती अपने दा दोस्तों के साथ मोबाइल लेने पहुंची थी। इस दौरान कुछ देर बाद वह गश खाकर गिर गई। उसे वहां मौजूद दुकानदार और साथियों ने उठाया और नजदीक के अस्पताल ले गए। यहां पर युवती का उपचार किया गया। इसके बाद डॉलर मार्केट के दुकानदारों ने ग्रुप पर मैसेज किए कि तलघर के एसी नहीं चलने को लेकर हादसा हुआ है। उन्होंने सफोकेशन होने की बात कही। दो माह पहले भी सन्नी की दुकान पर इस तरह का हादसा हुआ था। उन्होंने मैसेज में ही बताया कि पाँच माह से यहां के ऐीस बंद पड़े हैं।

## जबलपुर नरसंहार मामले में 9 आरोपी गिरफ्तारः ला एंड ऑर्डर के फेलियर पर बोले एसपी पुलिस सबकी मानसिकता को नहीं कर सकती कंट्रोल

जबलपुर (आरएनएस)। जबलपुर के पाटन तहसील अंतर्गत टीमरी गांव में सोमवार को हुए नरसंहार मामले ने पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। 9 लोगों में से पुलिस ने 7 लोगों को होशंगाबाद के पचमढ़ी से तो वहीं दो लोगों को जबलपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल वाहन और कुछ हथियार भी जब्त किए हैं।

आपको बता दे कि इस मामले में पुलिस ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि उन्होंने अभी तक 9 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर इस हत्या के पीछे की असल वजह क्या है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया हत्या के पीछे पुराने विवाद की बात समझ में आ रही है, पुलिस का कहना है कि पिछले चुनाव में भी इन दोनों पक्षों के बीच में विवाद हुआ था यही नहीं इनके बीच में पहले खेत से रास्ता देने और खेत में जुआ खिलाने को लेकर भी विवाद की बात कही जा रही है। फिलहाल पुलिस ने इन सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**-प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी का बयान**

हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कंट्रोल रूम में एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि इस समाज में अलग-अलग मानसिकता के लोग रहते हैं पुलिस सब की मानसिकता पर कंट्रोल नहीं लगा सकती, पुलिस कितना भी प्रयास कर ले फिर भी कुछ कुछ घटनाएं होती है। लल्लूराम डॉट कॉम के लॉ एंड आर्डर के फेलियर वाले सवाल पर एसपी संपत उपाध्याय ने कहा कि पुलिस को कानून में जो प्रावधान मिले हैं पुलिस उसी के तहत काम करती है।

## विविध-समाचार

### लीगल एड डिफेंस काउंसिल मॉडिफाई योजना के अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

रतलाम (आरएनएस)। लीगल एड डिफेंस काउंसिल मॉडिफाई योजना 2022 के तहत लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय हेतु एक असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं कार्यालयीन स्टाफ एक पद कार्यालय सहायक, एक पद रिसेप्शनिस्ट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा एक पद भृत्य के लिए संविदा आधार पर 1 वर्ष हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से ऑफलाइन आवेदन पत्र आगामी 24 फरवरी की शाम 5:00 बजे तक आमंत्रित किए गए हैं। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम संजय कुमार जैन से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारती की विस्तृत विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिला एवं सत्र न्यायालय रतलाम की वेबसाइट ratlam.dcodes.gov.in पर उपलब्ध है तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला न्यायालय एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है।

### अरुण कुमार विश्वकर्मा होंगे रायसेन के नए कलेक्टर

रायसेन(आरएनएस)। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी अरुणकुमार विश्वकर्मा को रायसेन का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वर्तमान कलेक्टर अरविंद दुबे को पदोन्नत कर मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर सचिव का पद दिया गया है। साथ ही उन्हें मध्य प्रदेश राजय कृषि उद्योग निगम का प्रबंध संचालक भी बनाया गया है। अरविंद दुबे ने रायसेन में तीन वर्ष से अधिक समय का सफल का कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि और चुनावों का सफल संचालन शामिल है। हाल ही में 25 जनवरी को राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण 2025 में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया था। दुबे के कार्यकाल की एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि थाईलैंड से सांची स्तूप तक अस्थि कलश की सुरक्षित आवाजाही का सफल प्रबधंन रहा उन्होंने प्रशासनिक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया और अब वे नई जिम्मेदारी संभालेंगे।

### पाढुंर्णा में मिले पैंगोलियन को किया रेस्क्यू

पांढुर्णा, (आरएनएस)। जिले के मारूड़ गांव में एक दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलियन का सफ्तापूर्वक रेक्सूय किया गया। यह घटना तब हुई जब स्थानीय किसान राजेंद्र राजगुरु के खेत के मकान की दीवार पर यह विशेष प्राणी दिखाई दिया। इस दृश्य को देखकर किसान ओर उनका परिवार आश्चर्यचकित हो गया। वन विभाग को सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर तुरंत कार्रवाई की। रेस्क्यू अभियान का नेतृत्व रेंजर प्रभुराम मुछल्ला ने किया। उनके साथ वनपाल रमेश गौतम, रामदास वाडिया, रमेश इवनाती, वन रक्षक राजेंद्र कुमरे, महेश भारती और स्थायी कर्मी देवीदास हुनकर की टीम शामिल रही। पैंगोलिन को सुरक्षित तरीके से पकडने़ के बाद उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण में यह पाया गया कि प्राणी पूरी तरह स्वस्थ्य है। इसके बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

## व्यापार समाचार

### रिटेल डिजिटल पेमेंट्स की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 16,146 करोड़ हुई : आरबीआई

नई दिल्ली ( आरएनएस)। भारत के रिटेल डिजिटल पेमेंट सिस्टम में लेनदेन की संख्या बीते 12 वर्षों में 100 गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 16,416 करोड़ हो गई है। वित्त वर्ष 2012-13 में लेनदेन की संख्या 162 करोड़ थी। सेंट्रल बैंक की पेमेंट सिस्टम्स रिपोर्ट में बताया गया कि पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर और पेमेंट परफॉरमेंस में मजबूत वृद्धि आरबीआई द्वारा प्रकाशित डिजिटल पेमेंट इंडेक्स में भी स्पष्ट है, जिसमें पिछले छह वर्षों में चार गुना से अधिक वृद्धि देखी गई है, जो मार्च 2024 तक बढ़कर 445.40 हो गया है, जो कि मार्च 2018 में 100 था।भारत में डिजिटल पेमेंट्स सिस्टम पिछले दशक में तेज वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया, कैलेंडर वर्ष 2013 में 222 करोड़ डिजिटल लेनदेन हुए थे और इनकी वैल्यू 772 लाख करोड़ रुपये थी। कैलेंडर वर्ष 2024 में डजिटल लेनदेन की वॉल्यूम बढ़कर 20,787 करोड़ और वैल्यू बढ़कर 2,758 लाख करोड़ रुपये हो गई है।बीते पांच वर्षों में भारत में डिजिटल पेमेंट्स की वॉल्यूम में 6.7 गुणा और वैल्यू में 1.6 गुणा का इजाफा हुआ है।आरबीआई की रिपोर्ट में आगे बताया गया कि भारत के डिजिटल पेमेंट्स सिस्टम में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2019 में 34 प्रतिशत थी। इस दौरान अन्य पेमेंट सिस्टम्स जैसे आरटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत से गिरकर 17 प्रतिशत रह गई है।रिपोर्ट में अनुसार, यूपीआई की वॉल्यूम और वैल्यू बीते पांच वर्षों में 89.3 प्रतिशत और 86.5 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ी है।



### घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली (ए)। घरेलू बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें बढ़ी हैं जबकि चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। सोने का वायदा भाव बढ़त के साथ ही 80,413 रुपये के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। वहीं चांदी के वायदा भाव भी बढ़त के साथ खुले पर समय के साथ ही इसमें नरमी आने लगी। आज सोने के वायदा भाव बढ़कर 80,352 रुपये जबकि चांदी के वायदा भाव 91,032 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने में तेजी रही जबकि चांदी में शुरुआत उछाल के बाद नरमी आने लगी। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएस) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी अनुबंध आज 36 रुपये बढ़कर साथ 80,325 रुपये के भाव पर खुला। एक समय यह अनुबंध 63 रुपये की तेजी के साथ 80,352 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 80,413 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 80,325 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। सोने के वायदा भाव आज 80,413 रुपये के भाव पर शीर्ष स्तर पर पहुंच गया।**

### शेयर बाजार तेजी के साथ बंद



मुम्बई (ए)। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली (खरीदारी) हावी रहने से आया है। वहीं गत दिवस भी बाजार बढ़त पर बंद हुआ था। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 631.55 अंक करीब 0.83 फीसदी बढ़कर 76,532.96 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 205.85 अंक तकरीबन 0.90 फीसदी की बढ़त के साथ 23,163.10 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान निफ्टी50 के 50 में से 42 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। श्रीराम फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा मोटर्स, एसबीआई लाइफ और ट्रेंट के शेयर ऊपर आये और इसमें 3.98 फीसदी तक की बढ़त रही। वहीं भारती एयरटेल, आईटीसी होटल्स, मारुति सुजुकी इंडिया, ब्रिटानिया और एशियन पेंट्स के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए, जिनमें 3.53 फीसदी तक की गिरावट रही।

जोमेटो का शेयर करीब 7 फीसदी ऊपर आया। इसके अलावा टाटा मोटर्स, इंफोसिस, अल्ट्राटेक सिमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयर भी उछले। वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 3.32 फीसदी बढ़त पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी मिडकैप 100 में 2.31 फीसदी की बढ़त रही।वहीं दूनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में सियोल और टोक्यो बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि शंघाईऔर हांग-कांग के शेयर बाजार छुट्टी के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में भी अधिकतर सूचकांक हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। गत दिवस अमेरिकी बाजार भी तेजी के साथ बंद हुए।

### चीनी कंपनी डीपसीक से घबराए ट्रंप, अमेरिकी शेयर बाजार से 44 लाख करोड़ स्वाहा




नई दिल्ली ,( आरएनएस)। चीनी कंपनी द्वारा बनाया गया डीपसीक नामक एक एआई-संचालित चैटबॉट जनवरी में अमेरिका में रिलीज होने के बाद,एप्पल स्टोर पर सबसे ज्यादा डाउनलोड किया जाने वाला फ्री ऐप बन गया है। इस एप ने अमेरिका के शेयर बाजार में खलबली मचा दी। चिप बनाने वाली अमेरिका की कंपनी एनवीडिया कॉर्प के शेयरों में भूचाल आ गया। चेटजीपीटी जैसे चीन के सस्ते एआई मॉडल के खौफ में उसके 593 बिलियन डॉलर (लगभग 44 लाख करोड़ रुपये) चंद मिनटों में स्वाहा हो गए। दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनी एनवीडिया कॉर्प की मार्केट वैल्यू में यह सबसे बड़ी गिरावट है। अमेरिका, चीन के इस नए एआई मॉडल से किस कदर दहशत में है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी टेक कंपनियों को चेताते हुए इसे वेकअप कॉल बताया है।सिलिकॉन वैली के वेंचर कैपिटलिस्ट मार्क एंड्रीसेन ने डीपसीक को,ढ्ढ में सबसे आश्चर्यजनक और प्रभावशाली सफलताओं में से एक बताया है। एक रिसर्चर ने बताया कि इसे बनाने में केवल 6 मिलियन डॉलर लगे हैं, जो कि अमेरिका में स्थित कंपनियों द्वारा खर्च किए गए अरबों डॉलर से काफी कम है। डीपसीक ने अपने राइवल चैटजीपीटी को काफी पीछे छोड़ दिया है।बता दें कि डीपसीक एक चीनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी है। इसकी स्थापना चीन के हांग्जो शहर में हुई थी। इस कंपनी को जुलाई 2023 में लॉन्च किया गया था। इसका लोकप्रिय,ढ्ढ असिस्टेंट ऐप 10 जनवरी के बाद अमेरिका में जारी किया गया। वर्तमान में दुनिया भर में सभी के लिए यह उपलब्ध है।

# आईईडब्ल्यू 2025, विश्व स्तर पर ऊर्जा क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा आयोजन होगा : हरदीप एस पुरी

मुंबई ,( आरएनएस)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज मुंबई में कहा कि भारत ऊर्जा सप्ताह यानि इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) 2025 का आयोजन एक लाख वर्ग मीटर में फैला है। भागीदारी, प्रदर्शनी स्थल और सत्रों के संदर्भ में यह विश्व स्तर पर ऊर्जा क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा आयोजन होगा। 11-14 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित होने वाले आईईडब्ल्यू 2025 में मंत्रियों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के दिग्गजों की अद्वितीय वैश्विक भागीदारी होगी, जो ऊर्जा क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा। मीडिया से बातचीत करते हुए, पुरी ने आईईडब्ल्यू 2025 के दौरान आयोजित होने वाले स्वच्छ पाक कला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम स्वच्छ पाक कला से जुड़े समाधानों को वैश्विक स्तर पर तेजी से अपनाने में सहयोगात्मक प्रयासों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा। भारत की अत्यधिक सफल प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) ऊर्जा पहुंच से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक वैश्विक टेम्पलेट के रूप में मूल्यवान अंतर्दृष्टि और सर्वोत्तम प्रणालियों को प्रदर्शित करते हुए केंद्र में रहेगी। आईईडब्ल्यू 2025 पिछले आयोजनों की तुलना में व्यापकता और भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल करने के लिए तैयार है। प्रदर्शनी स्थल 65 प्रतिशत बढ़कर 28,000 वर्ग मीटर किया जाएगा, जबकि सम्मेलन सत्रों की संख्या बढ़कर 105 की जाएगी



और वैश्विक प्रतिनिधि 70,000 से अधिक होंगे। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हस्तियों सहित 500 से अधिक वक्ता इसमें भाग लेंगे, जो इस आयोजन के बढ़ते वैश्विक महत्व को दर्शाता है। सम्मेलन में अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, जापान, जर्मनी और नीदरलैंड जैसे 10 प्रमुख देशों के कंट्री पैवेलियन भी होंगे। इसके साथ ही हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन और पेट्रोकेमिकल्स पर ध्यान केंद्रित करने वाले आठ विषयगत क्षेत्र भी इसमें शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 20 से अधिक विदेशी ऊर्जा मंत्री या उप मंत्री, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख और फॉर्च्यून 500 ऊर्जा कंपनियों के 90 सीईओ भाग लेंगे। यह वैश्विक ऊर्जा संक्रमण संवाद को आकार देने में भारत के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। पुरी ने युवाओं और नवप्रवर्तकों को शामिल करने की पहल पर भी प्रकाश डाला, जिसमें अग्रणी आईआईटी, अविन्या और वसुधा जैसे स्टार्टअप प्लेटफॉर्म और दिल्ली/एनसीआर के 500 छात्र नवाचार और प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों का प्रदर्शन करने के लिए भाग ले रहे हैं। आईईडब्ल्यू 2025 का मुख्य आकर्षण ऊर्जा सुरक्षा, न्यायसंगत और व्यवस्थित परिवर्तन, सहयोग, सशक्तता, क्षमता निर्माण और डिजिटल प्रगति सहित आकर्षक विषयों पर ध्यान केंद्रित करना है। इस कार्यक्रम का स्वच्छ पाक कला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन टिकाऊ और किफायती ऊर्जा समाधानों तक पहुंच सुनिश्चित करने में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को और बढ़ाएगा, जिससे ऊर्जा समानता के लिए इसकी वैश्विक प्रतिबद्धता को बल मिलेगा।अपने अद्वितीय व्यापकता और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 भारत को वैश्विक ऊर्जा परिवर्तनों में अग्रणी स्थान दिलाने और ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में इसकी भूमिका को मजबूत करने के लिए तैयार है।

### जियो साउंड पे सर्विस लॉन्च : जियोभारत फोन पर फ्री में मिलेगा यूपीआई भुगतान अलर्ट

मुंबई,( आरएनएस)। जियो गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपनी नई सेवा 'जियो साउंड पे' लॉन्च कर रहा है, जो जियो भारत फोन पर आजीवन मुफ्त उपलब्ध होगी। यह सेवा बिना साउंड बॉक्स के यूपीआई भुगतान का ऑडियो अलर्ट प्रदान करेगी। इससे देशभर के पांच करोड़ से अधिक छोटे और सूक्ष्म व्यापारी लाभान्वित होंगे। जियो साउंड पे हर यूपीआई भुगतान का तत्काल, बहुभाषी ऑडियो अलर्ट देगा। यह सेवा विशेष रूप से किराना स्टोर्स, सब्जी विक्रेताओं और छोटे दुकानदारों के लिए उपयोगी साबित होगी, क्योंकि अब उन्हें साउंड बॉक्स के लिए हर महीने 125 रुपए खर्च नहीं करने पड़ेंगे। इससे व्यापारी सालाना लगभग 1,500 रुपए तक की बचत कर पाएंगे। 699 रुपए की किफायती कीमत वाले जियोभारत फोन पर उपलब्ध यह सेवा छोटे व्यापारियों के लिए एक लाभकारी विकल्प साबित होगी। केवल छह महीने में फोन की कीमत वसूल हो सकती है। जियो के प्रेसिडेंट सुनील दत्त ने कहा, जियो हर भारतीय को सशक्त बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में विश्वास करता है। गणतंत्र दिवस के खास मौके पर जियो ने इस सेवा में वंदे मातरम की धुनें भी शामिल की हैं, जो इस उत्सव को और खास बनाएंगी।


# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## जातीय जनगणना की मांग

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातीय जनगणना कराए जाने की मांग को दोहराते हुए कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के बाद किसी भी कीमत जातीय जनगणना करवा कर रहेगी। पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि इस बाबत उन्होंने संसद में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में स्पष्ट कहा है कि संविधान को कमजोर करने और हाशिए पर पड़े समुदायों की अनदेखी नहीं करने दी जा सकती। राहुल आरोप लगा चुके हैं कि भाजपा और आरएसएस यह कृत्य कर रहे हैं। यह भी आरोप लगा चुके हैं कि संघ प्रमुख मोहन भागवत का सच्ची आजादी' वाला बयान देश के संविधान के खिलाफ है'। बेशक, आर्थिक प्रगति में समाज के हर हिस्से की भागीदारी होना जरूरी है। इसी से समावेशी समाज की परिकल्पना मूर्ताकार हो सकती है, लेकिन हकीकत यह है कि समाज का एक बड़ा हिस्सा प्रगति में हिस्सेदार नहीं बन सका है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भी इस तरफ ध्यान दिलाया है। दलितों, अल्पसंख्यकों और सामाजिक रूप से हाशिए पर रह रहे समुदायों की आबादी देश की कुल जनसंख्या का नब्बे फीसद हैं, लेकिन वे व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं..यही कारण है कि हम जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं' यह ध्यान दिलाते हुए राहुल ने बिहार में की गई जाति आधारित गणना को फर्जी' करार दिया।कहा कि यह लोगों को बेवकूफ बनाने वाली है।' ऐसा है तो राहुल को सबसे पहले कांग्रेस शासित राज्यों और कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार शासित राज्य में भी जाति आधारित जनगणना कराई जानी चाहिए। बिहार में जातीय गणना की गई थी न कि जातीय जनगणना, लेकिन इस तकनीकी पचड़े में न भी पड़ें तो इतना तो साफ है कि जातियों और समुदायों की वास्तविक संख्या का आंकड़ा न होने पर उनके लिए कल्याणकारी कार्यक्रम और योजनाओं का क्रियान्वयन बेमानी रहता है, और ऐसा होता भी रहा है।शायद यह भी कारण रहा देश की संपत्ति में इन जातीय समूहों की हिस्सेदारी का आकलन आज भी हमारे पास नहीं है। कहना न होगा कि जातीय गणना या जातीय जनगणना-भले ही जो भी कहें-से ही हमें उन समूहों की सटीक संख्या मिल सकेगी जिन्हें लक्षित करके योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की जा सकेंगी। समावेशी विकास तभी सुनिश्चित हो सकेगा।

# अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत



(गांधी निर्वाण दिवस -30 जनवरी 2025 पर विशेष)

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।

महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बड़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पढ़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना।' मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बड़ा रही है।मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बडाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है।मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थो के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी मेक इन इंडिया का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं।

हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बड़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बड़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बड़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है। यह बात भी थोड़ी अजीब सी लगती है कि पूंजी केन्द्रित विकास के इस तूफान में एक ऐसा शख्स हमें क्यों महत्वपूर्ण लगता है जो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की वकालत करता रहा, जो छोटी पूंजी या लघु उत्पादन प्रणाली की बात करता रहा। सवाल यह भी उठता है कि मनुष्यता के पतन की बड़ी-बड़ी दास्तानों के बीच आदमी के हृदय परिवर्तन के प्रति विश्वास का क्या मतलब है? जब हथियार ही व्यवस्थाओं के नियामक बन गये हों तब अहिंसा की आवाज कितना असर डाल पाएगी? एक वैकल्पिक व्यवस्था और जीवन की तलाश में सक्रिय लोगों को गांधीवाद से ज्यादा मदद मिल रही है।आज जबकि समूची दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी संघर्षरत लोगों के लिये गांधी का सत्याग्रह ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है। पर्यावरणवादी हों या अपने विस्थापन के विरुद्ध लड़ रहे लोग, सबको गांधीजी से ही रोशनी मिल रही है। गांधी की अहिंसा से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त हो रहे हैं। समस्त समस्याओं का समाधान भी एक ही है, वह है-अहिंसा। अहिंसा व्यक्ति में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की विराट भावना का संचार करती है।



चेन्नई के पलवक्कम समुद्र तट पर लुप्तप्राय समुद्री कछुओं के शव मछली पकड़ने के जाल के अवशेषों में उलझे हुए पड़े हैं।

# दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू

**ऋतुपर्ण दवे**

दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमो केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं।ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है, लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा।दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रह्म प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल, कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी, लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रह्म प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। इस बीच काफी कुछ बदला। 1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला, लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए।खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं। 1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रैल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आंदोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नये हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षो से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आंदोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने, मगर आप और कांग्रेस की नहीं निभी। 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीश खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नये सितारे बन गए। भाजपा केवल 3 सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई।केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आप को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं। बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती, आगे तमाम मुफ्त योजनाओं से भी परहेज करते नहीं दिखती।




मेष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से आय बना रहेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा। आपके द्वारा की गई मेहनत के परिणाम भी बेहतर मिलेंगे।

वृष राशि:आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज काम के लिए समय निकालना मुश्किल होगा, लेकिन दोपहर बाद समय मिल जाएगा। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। आज कार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरूरत होगी। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के सहयोग से घर में सुखद व्यवस्था रहेगी और आपको भी सहायता मिलेगी।

मिथुन राशि: आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रख कर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें। ध्यान रखें कि आपकी जिद्द से आपका काम खराब हो सकता है। परिवारजनों के साथ मनोरंजन में अच्छा समय बीतेगा। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए पॉज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज किसी उलझन से आपको छुटकारा मिलेगा, दोस्त आपको बेहतर सलाह देंगे। आज नई योजना पर काम करने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। आज आप चुनौतियों को स्वीकार करेंगे और क्रिएटिव रहेंगे। इस राशि के विद्यार्थियो की मेहनत रंग लाएगी।

सिंह राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुड़ने से आपको कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से आप अपने अंदर शांति महसूस करेंगे। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जाएगा अधिकारियों से खास मामलों पर बातचीत होगी।

तुला राशि:आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की क्वालिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे। पार्टनरशिप संबंधी व्यवसाय में आपका उचित तालमेल बना रहेगा। इस राशि के लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझकर तय समय पर पूरा करने की जरूरत है। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे।

वृश्चिक राशि: आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आप काम की क्वालिटी और बेहतर बनाने में ध्यान दें। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेगी। आज परिवार के लिए भी कुछ समय निकालना आपसी रिश्ते को मधुर बनाएगा। और परिवार में खुशहाली भरा वातावरण रहेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शिक्षा में सफलता मिलेगी। लेखन आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें। आज व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आज कुछ विरोधी लोग आपको भावनात्मक रूप से कमजोर करने के लिए अफवाहें फैला सकते हैं।

मकर राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है। अधिकारियों और सम्मानित लोगों से रिश्ते बेहतर रखना आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपको अच्छे आर्डर मिल सकते हैं। जीवनसाथी और परिवारजनों का आपके प्रति पूरा सहयोग रहेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें। अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कार्यस्थल पर शांति भरा माहौल रहेगा। आज कुछ समय परिवार के साथ बिताने पर कुछ बाते पता चल सकती हैं।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है। इसलिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें।

# महाकुंभ स्नान में भी राजनीति

**अवधेश कुमार**

***महाकुंभ में बड़ा-छोटा कोई भी व्यक्ति स्नान करने जाए वह सामान्यतः चर्चा का विषय नहीं होना चाहिए। यह हमारी सनातन परंपरा में हर व्यक्ति का स्वाभाविक दायित्व है। किंतु पहले योगी आदित्यनाथ सरकार की पूरी कैबिनेट का एक साथ संगम में स्नान करना अनेक कारणों से चर्चा और विमर्श का विषय बना। उसके बाद जब सपा प्रमुख अखिलेश यादव स्नान करने गए तो संपूर्ण मीडिया की दृष्टि उनकी ओर गई। स्नान करती उनकी तस्वीरें और छोटे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई या की गई।***

मकर संक्रांति को हरिद्वार गंगा में स्नान की उनकी तस्वीरें भी इसी तरह वायरल हुई थी। हालांकि उसमें स्नान से ज्यादा सोशल मीडिया पर उनके शरीर सौष्ठव की ज्यादा चर्चा हुई। जब योगी आदित्यनाथ सहित संपूर्ण मंत्रिमंडल ने एक साथ संगम में डुबकी लगाई मां गंगा, यमुना और सरस्वती की पूजा की तथा उसके बाद मुख्यमंत्री के साथ दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक साथ पूजा कर रहे थे तब भी वीडियो और तस्वीरें वायरल हुई। उस समय अखिलेश जी ने महाकुंभ पर राजनीति न करने की प्रतिक्रिया दी। यानी उन्होंने यह संदेश दिया कि भाजपा के मंत्री और नेता महाकुंभ पर राजनीति कर रहे हैं जो ठीक नहीं है। हालांकि उनके स्नान पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने सधी प्रतिक्रिया में कहा कि 'देर आयद दुरुस्त आयद', अखिलेश यादव जी महाकुंभ में पवित्र स्नान किया और उम्मीद है कि अब वह आस्था पर चोट नहीं पहुंचाएंगे। अखिलेश जी को भाजपा के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रियों मंत्रियों और नेताओं के कुंभ स्नान में राजनीति दिखाई दी तो स्वाभाविक है कि उनके स्नान में भी राजनीति देखी जाएगी। हालांकि स्नान के बाद उन्होंने भाजपा को सहनशील होने की सलाह दी तथा 11 डुबकियों के बारे में उनके एक्स हैंडल पर कुछ अच्छी पंक्तियां लिखी हुई थी। उन्होंने गंगा, यमुना और सरस्वती को साथ मिलकर चलने की प्रेरणा देने वाला भी बताया। क्या वाकई अखिलेश जी के स्नान को इन्हीं सद्भाव, सामाजिक एकता और धार्मिक भावनाओं की परिधि के अंदर मान लिया जाएगा? दरअसल, केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने हिन्दुत्व, धार्मिक आस्था, धर्मस्थलों, कर्मकांडों से लेकर इनसे जुड़े विषयों पर जैसी प्रखरता और सुस्पष्टता दिखाई है उसका असर चारों ओर है।

महाकुंभ में निहित हिन्दुत्व की व्यापकता, विशालता, सर्व सामूहिकता तथा भारत की महान अध्यात्म , संस्कृति, सभ्यता, परंपराओं, सामाजिक-पंथीय-एकता के भावों को संपूर्ण विश्व में प्रचारित-प्रसारित करने और दिखाने की रणनीति अपनाई है उनसे राजनीति अप्रभावित रहे ऐसा संभव नहीं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार किसी सरकार के संपूर्ण मंत्रिमंडल ने महाकुंभ स्नान और वहीं मंत्रिमंडल का बैठक की। महाकुंभ की पूर्व तैयारी में जैसी सक्रियता मुख्यमंत्री एवं दोनों उप मुख्यमंत्रियों तथा अनेक मंत्रियों के दिखाई उसका भी संदेश था और लोगों ने माना कि इस तरह किसी सरकार ने करने की कोशिश नहीं की। अखिलेश जी के कार्यकाल में 2013 में हुए महाकुंभ में मुख्यमंत्री और सरकार की भूमिका से वर्तमान सरकार की व्यवस्थाओं, दोनों के आचरणों आदि की तुलना हो रही है।

वैसे तो 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद से हिन्दुत्व, धर्म, भारतीयता आदि के संदर्भ में धीरे-धीरे माहौल बदला है और जिन मुद्दों पर बोलने तक से बचते थे, पूजा-पाठ व कर्मकांड को दिखाने तक में संकोच करते थे वो सब वर्जनायें लगभग ध्वस्त हुई हैं। सौभाग्य भारत की चेतना इन आधारों पर बहुत कुछ निर्धारित करने लगी है जिसमें राजनीति भी है। अखिलेश यादव जी ने जब महाकुंभ में कैबिनेट की बैठक को गलत बताया तो लोगों की सामान्य प्रतिक्रियाएं उनके विरु द्ध थीं। अगर संपूर्ण भारत के जिलों तक का प्रतिनिधित्व प्रयागराज महाकुंभ में है, उत्तर प्रदेश के कोने-कोने लोग आ रहे हैं, देश और विश्व भर के सनातन धर्म के साधु-संत-संन्यासी, विचारक, संस्कृतिकर्मी, पुजारी वहां प्रवचन, कर्मकांड आदि करते हुए विश्व कल्याण के भाव से साधना कर रहे हों, विचार-विमर्श हो रहा हो तो कैबिनेट की बैठक स्वाभाविक रूप से वही होनी चाहिए। सरकार जनप्रतिनिधि है तो यह अवसर है जनता के मनोभाव के साथ खड़े होने और काम करने की निष्ठा प्रदर्शित करने का। ऐसे सकारात्मक जन भावों के साथ एकता दिखाना भी सरकारों और राजनीति का दायित्व होना चाहिए। आज तक की राजनीति सेक्यूलरलाद की झूठी अवधारणा के कारण इनसे भागती रही है। इसी भाव से अखिलेश जी की नकारात्मक प्रतिक्रिया आई। सच महाकुंभ आरंभ के पहले से ही उनकी और पार्टी की प्रतिक्रियाएं नकारात्मक रहीं। विपक्ष के नाते सपा को सरकार की कमियों, महाकुंभ में अगर जनता को समस्याएं व असुविधाएं हैं, नौकरशाही, कर्मचारी, ठेकेदारों के कार्य में कहीं कोताही है तो उन्हें उठाना या मुद्दा बनाना बिल्कुल स्वाभाविक है। विपक्ष के नाते यह उसकी भूमिका भी है। पर विपक्ष की इतनी ही भूमिका नहीं हो सकती। आपकी महाकुंभ में वैसी ही आस्था है जैसी अखिलेश जी ने स्नान करके प्रदर्शित की तो यह पहले से भी कई रूपों में दिखनी चाहिए थी। क्या सपा की कोई भूमिका महाकुंभ में है? कम-से-कम सपा जगह-जगह महाकुंभ में आए लोगों के स्वागत के कुछ बैनर भी लगा देती तो लगता कि वाकई कुंभ के प्रति उसकी आस्था है। 2013 के महाकुंभ को याद करिये, तो आपको भाजपा के बैनर तस्वीरें मिलेंगी। संघ विचार परिवार के अनेक संगठनों ने जगह-जगह सेवा के कैंप लगाए थे। इसलिए भाजपा सरकार कुछ कर रही है तो उसकी अतीत से वर्तमान तक सुसंगति है।आप चाहे कुछ भी करिए, योगी सरकार और भाजपा को अलग से कुछ साबित करने या प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है। इस मौलिक अंतर को समझना पड़ेगा। राजनीति इतनी नैतिक और पवित्र हो, सनातन के प्रति स्वाभाविक रूप से आस्थावान होकर राजनीतिक रणनीति बनाएं और काम करें तभी भारत, मानवता और विश्व का वास्तविक मंगल होगा और यह किसी दृष्टि से सेक्यूलर विरोधी नहीं होगा। अभी तक की गलत धारणा और स्वयं को हिन्दू कहने में संकोच, व्यक्तिगत स्तर पर पूजा-पाठ, पर सार्वजनिक स्तर पर इसे दिखाने से परहेज करने का स्वभाव ध्यान रखें तो जो हो रहा है उसे आसानी से समझ सकते हैं।

# इसरो की ऐतिहासिक उड़ान, लॉन्च किया एनवीएस-02; भारत का नेविगेशन सिस्टम होगा सटीक



श्रीहरिकोटा (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इतिहास रच दिया है। इसरो ने बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ15 के जरिए अपना 100वां मिशन, एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट लॉन्च किया है। दरअसल, जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट ने सुबह 6:23 बजे उड़ान भरी, जिसमें एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट अंतरिक्ष में पहुंचाया गया। यह लॉन्च इसरो की एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश की अंतरिक्ष अनुसंधान क्षमताओं को दर्शाती है। इसरो ने इस महत्वपूर्ण लॉन्च के बारे में एक्स के जरिए जानकारी दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, जीएसएलवी-एफ15 ने सफलतापूर्वक उड़ान भरी है, एनवीएस-02 को उसकी निर्धारित कक्षा में ले गया है। इसरो ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, मिशन सफल! जीएसएलवी-एफ15/ एनवीएस-02 मिशन सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा, आज हमने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस महीने की 16 तारीख को हमने डॉकिंग सिस्टम की उपलब्धि हासिल की थी। इसरो की 100वीं लॉन्चिंग, टीम इसरो की कड़ी मेहनत और टीम वर्क से सफलतापूर्वक हासिल की गई है। इस साल हमें कई प्रोजेक्ट्स के लिए मंजूरी मिली है। संभवत: चंद्रयान 3, 4 और कई अन्य मंजूरियां मिल चुकी हैं। इस साल कई मिशन की तैयारी है। मेरी प्राथमिकता नई मंजूरी वाली परियोजनाओं को गति देना है। जो भी प्रोजेक्ट में देरी हो रही है, मैं उन्हें पूरा करूंगा। जीएसएलवी-एफ15, जीएसएलवी रॉकेट की 17वीं उड़ान है। यह स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण वाली 11वीं उड़ान भी है। एनवीएस-02 उपग्रह भारतीय नेविगेशन प्रणाली का हिस्सा है। यह दूसरी पीढ़ी का उपग्रह है, जो नेविगेशन के लिए काम करेगा। नेविगेशन उपग्रह प्रणाली को भारत में उपयोगकर्ताओं और भारतीय भूमि से लगभग 1500 किमी दूर तक सटीक स्थिति, वेग और समय सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया है।



वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर मौनी अमावस्या के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र डुबकी लगाई।

## संक्षिप्त समाचार

### बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ी, एफआईआर दर्ज; गवाह को धमकाने का लगा आरोप

नई दिल्ली (आरएनएस)। बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव का नाम विवादों में घिरा हुआ नजर आता रहता है। हाल ही में बिग बॉस 18 के अंदर उन्होंने मीडिया को पेड कहा था, जिसके बाद उनको काफी ट्रोल किया गया था। वहीं सांप के जहर मामले में भी उनका नाम फंसा हुआ है। इसी बीच अब एल्विश यादव के खिलाफ पीपुल्स फॉर एनिमल्स कार्यकर्ता और रेव पार्टी केस के गवाह सौरभ गुप्ता ने एफआईआर दर्ज करवाई है। एल्विश पर गवाह को धमकाने का आरोप है। एक खबर के मुताबिक एल्विश यादव के खिलाफ गाजियाबाद के नंदग्राम थाने में FIR दर्ज की गई है। सौरभ ने यूट्यूबर एल्विश यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं और दावा किया है कि एल्विश यादव अपनी गाड़ी से उनका पीछा करते हुए उनकी सोसाइटी में आए और उनकी धमकी देने लगे। सौरभ की माने तो एल्विश ने गलत पहचान के साथ सोसाइटी में एंट्री की। अपनी शिकायत में कार्यकर्ता ने कहा कि एल्विश यादव किसी रोड एक्सीडेंट में उसकी और उसके भाई की हत्या कर सकता है। इसके अलावा सौरभ ने एल्विश और उसके सपोर्टर्स पर उनके और उनके परिवार के बारे में फर्जी खबरें फैलाने का आरोप भी लगाया है। बता दें, सौरभ गुप्ता के भाई गौरव गुप्ता ने नवंबर 2023 में नोएडा में रेव पार्टी में सांप के जहर के मामले में यूटयूबर एल्विश यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में सौरभ गुप्ता गवाह है।

### गर्भवती महिला के पेट में बच्चे के पेट में बच्चा..सोनोग्राफी देख डॉक्टर हुए हैरान

महाराष्ट्र (आरएनएस)। बुलढाना के सरकारी अस्पताल में एक गर्भवती महिला की सोनोग्राफी चर्चा में है। डॉक्टर ने सोनोग्राफी को देखा तो तो वह भी चौंक गए, क्योंकि गर्भवती के पेट में बच्चा तो दिखाई दे रहा था। साथ ही इस बच्चे के पेट में भी एक बच्चा दिखाई दे रहा था। दो दिन पहले जिले के मोताला तहसील के एक गांव से 9 माह की गर्भवती महिला (32 साल) सरकारी महिला रुग्णालय पहुंची। वहां डॉक्टर प्रसाद अग्रवाल ने गर्भवती की सोनोग्राफी की। सोनोग्राफी करते समय उन्हें महिला के पेट में बच्चा तो दिखाई दिया, साथ ही उसी बच्चे के पेट कुछ और भी दिखाई दिया। डॉक्टर अग्रवाल ने और तीन बार महिला की सोनोग्राफी की तो उन्हें दिखाई दिया कि जो पेट में बच्चा है, उसके पेट में भी एक बच्चा है। डॉक्टर अग्रवाल ने यह बात अपने वरिष्ठों को बताई। वरिष्ठों ने गर्भवती महिला को डिलीवरी और किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसलिए संभाजीनगर भेज दिया। महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रसाद अग्रवाल से पूछा गया कि महिला और पेट में पल रहे बच्चे को कोई नुकसान की आशंका हो सकती है क्या? इस पर डॉक्टर ने कहा कि महिला को तो कोई प्रॉब्लम नहीं होगी। लेकिन डिलीवरी के बाद जन्मे बच्चे का जल्द उपचार नहीं हुआ तो उसकी ग्रोथ में बाधा आ सकती है।

### जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से प्रयागराज न जाने की अपील की

जौनपुर (आरएनएस)। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के कारण प्रयागराज बॉर्डर पर सभी बसों और चार पहिया वाहनों को 24 घंटे के लिए रोक दिया गया है। जौनपुर के जिलाधिकारी दिनेश चंद्र ने महाकुंभ में स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 24 घंटे तक मेला क्षेत्र में न जाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रयागराज में मेला क्षेत्र में भारी भीड़ के कारण स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इस दौरान कुंभ में स्नान करने के इच्छुक श्रद्धालुओं को सलाह दी गई है कि वे अगले 24 घंटों तक मेला क्षेत्र में जाने से बचें। उन्होंने कहा कि यह कदम लोगों की सुरक्षा को देखते हुए उठाया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि अभी प्रयागराज में जाने की स्थिति नहीं है। अभी वहां से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो चुका है। इसी को देखते हुए वहां पर 24 घंटे के लिए प्रवेश रोका गया है। ऐसी स्थिति में मेरा आप सभी लोगों से निवेदन है कि आप प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए नियमों का पालन करें। मैं जौनपुर के सभी श्रद्धालुओं से अपील करूंगा कि आप लोग अपने-अपने स्थानों पर जाएं या नहीं तो थोड़ा इंतजार कीजिए, जैसे ही हालात सामान्य होंगे, तो आप प्रयागराज के लिए प्रस्थान करिएगा। फिलहाल, आप लोगों की सुविधा के लिए प्रशासन की तरफ से निशुल्क चाय-पानी की व्यवस्था की गई है।

## पंजाब कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात,मेयर चुनाव में धांधली की शिकायत



चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर मेयर चुनावों में धांधली के मामले की जांच की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने मेयर चुनावों में हुई कथित धांधली के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी और इसमें शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में पंजाब कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि पटियाला और लुधियाना में मेयर चुनावों में गड़बड़ी की गई थी। इसके अलावा, फगवाड़ा में भी धांधली हुई है। मेयर चुनाव में कुल 41 काउंसलर थे, जिनमें से चार अकाली दल और सात भाजपा से थे, जिससे कुल संख्या 52 हो गई। जब हम अंदर गए, तो कमिश्नर ने मेयर और डिप्टी मेयर के नामों की घोषणा की, जिस पर कांग्रेस नेताओं ने विरोध किया।राजा वड़िंग ने कहा कि कांग्रेस ने गवर्नर से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है और उन्होंने हमें इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पंजाब कांग्रेस ने इस चुनावी धांधली के संबंध में सभी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।इससे पहले सोमवार को अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि उनके ऊपर सीधा दबाव डाला गया और बिना किसी मतदान के तुरंत ही मेयर, डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर के नामों की घोषणा कर दी गई।

## हरियाणा के सीएम सैनी ने दिल्ली में पीया यमुना का पानी, बोले- जांच में भी कोई जहर नहीं मिला

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस दावे पर चल रहे विवाद में एक नया मोड़ आया है। हरियाणा ने राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति को बाधित करने के लिए यमुना के पानी को जहरीला बनाने के आरोपों के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को यमुना के पानी का एक घूंट पी लिया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का दुर्भाग्यपूर्ण बयान अपने राजनीतिक फायदे के लिए लोगों के मन में डर पैदा करने के लिए दिया गया था। आज, मैं यहां यमुना नदी के तट पर आया और यमुना से पानी का एक घूंट लिया। केजरीवाल पर जीवन भर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यमुना के पानी को परीक्षण के लिए भेजा गया था और इसमें कोई जहर नहीं पाया गया।

## दो हिंदुओं के बीच विवाह एक पवित्र बंधन, सालभर में नहीं तोड़ा जा सकता : इलाहाबाद उच्च न्यायालय



प्रयागराज (ए.)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा कि दो हिंदुओं के बीच विवाह एक पवित्र बंधन है, जिसे विवाह के साल भर के भीतर नहीं तोड़ा जा सकता फिर चाहे इसके लिए दोनों पक्ष पारस्परिक रूप से सहमत ही क्यों न हों। अदालत ने कहा कि जब तक असाधारण मुश्किल या असाधारण अनैतिकता ना हो जैसा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 14 में वर्णित है, विवाह को भंग नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डी. रमेश की पीठ ने यह निर्णय देते हुए कहा कि तलाक के लिए अर्जी दाखिल करने के संबंध में धारा 14 में विवाह की तिथि से एक साल की समय सीमा की व्यवस्था है हालांकि असाधारण मुश्किल या अनैतिकता के मामले में इस तरह की याचिका पर विचार किया जा सकता है। इस मामले में दोनों पक्षों ने हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13-बी के तहत पारस्परिक सहमति से विवाह भंग करने की अर्जी दाखिल की थी, जिसे सहारनपुर की कुटुम्ब अदालत ने इस आधार पर खारिज कर दिया था कि अर्जी दाखिल करने की न्यूनतम अवधि पूरी नहीं हुई है।

याचिकाकर्ताओं ने इस निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने 15 जनवरी को निशांत भारद्वाज द्वारा दाखिल प्रथम अपील खारिज करते हुए एक वर्ष की अवधि पूरी होने के बाद याचिकाकर्ता को नए सिरे से अर्जी दाखिल करने का विकल्प दिया था। अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में आपसी असंगति के लिए नियमित आधार के अलावा, कोई असाधारण परिस्थिति पेश नहीं की गई, जिससे इन पक्षों को विवाह के एक वर्ष के भीतर तलाक के लिए अर्जी दाखिल करने की अनुमति दी जा सके।

### महाराष्ट्र सरपंच हत्याकांड मामले में धनंजय मुंडे को इस्तीफा देना चाहिए : सुप्रिया सुले




मुंबई (ए.)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि बीड सरपंच हत्या मामले को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे धनंजय मुंडे को नैतिकता के आधारज् पर मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की जघन्य हत्या को 50 दिन बीत चुके हैं, लेकिन मुंडे के करीबी सहयोगी पर उंगलियां उठने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार से राकांपा मंत्री को बर्खास्त नहीं किया गया है। मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। मुंडे वर्तमान में देवेंद्र फडणवीस नीत मंत्रिमंडल में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग संभाल रहे हैं।

## चाईबासा : सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में महिला सहित दो नक्सली ढेर



चाईबासा ,(आरएनएस)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह पुलिस एवं सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी नक्सली मारे गए हैं। इनमें एक महिला भी शामिल है। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के कुछ हथियार और सामान बरामद किए गए हैं।चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। इसके बाद पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी रखा गया है। मारे गए नक्सलियों की पहचान फिलहाल पुलिस ने आधिकारिक तौर पर उजागर नहीं की है, लेकिन इनमें से एक भाकपा माओवादी नक्सली संगठन का जोनल कमांडर संजय गंझू बताया जा रहा है।बताया गया कि एसपी को सूचना मिली थी कि नक्सलियों के हथियारबंद दस्ते ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ थाना क्षेत्र के जंगल में कैंप कर रखा है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है। सूचना के आधार पर जिला पुलिस बल एवं सीआरपीएफ ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया।




केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन देखते हुए.

## मधुबनी, कैमूर सहित चार जिलों की ग्रामीण सड़कों के लिए 116.45 करोड़ रुपये मंजूर



पटना (ए.)। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समस्तीपुर, मधुबनी, कैमूर और अररिया जिलों की कुल 59.770 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की मरम्मत और रखरखाव के लिए 116.45 करोड़ से अधिक राशि खर्च करने की मंजूरी दी। चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली जाने से पहले चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अन्तर्गत बजट में अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में कुल बजट का 15 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में 1 प्रतिशत राशि आवंटित की गई है। इससे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति बहुल क्षेत्रों में सड़क का विकास तेज होगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण सड़कों की मरम्मत, सुदृढ़ीकरण एवं बेहतर रखरखाव (प्रबंधन ) कार्यक्रम के तहत् अनुसूचित जाति मद में समस्तीपुर जिला के पूसा प्रखण्ड में पूसा बाजार बोस कंपनी चौक से दुभा रोड तक 11.600 किमी सड़क के लिए 18.61330 करोड़ दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि कल्याणपुर प्रखंड में 12.680 किमी सडक के लिए कुल 20.94090 करोड़, मधुबनी जिला के जयनगर प्रखण्ड में 9.600 किमी, लंबे बासोपट्टी-दुबी पथ के लिए 19.78863 करोड़ , कैमुर जिला के प्रखण्ड मोहनियाँ में पथ सियापोखर ब्रिज कैनाल रोड से पासपिपरा रोड तक 13.460 किमी लंबी सड़क के लिए 28.27313 करोड़, अररिया जिला के कार्य प्रमंडल-फारबिसगंज के प्रखण्ड-रानीगंज में कमालपुर डाक बंगला से पचीरा बसगढा तक 12.430 कि.मी. सड़क की मरम्मत के लिए 28.85311 करोड़ रुपये दिये गए हैं।

### जम्मू-कश्मीर बैंक फुटबॉल अकादमी ने कश्मीर के युवाओं के लिए ट्रायल आयोजित किए

श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए जम्मू-कश्मीर बैंक ने श्रीनगर में अपनी फुटबॉल टीम के लिए ट्रायल शुरू किए हैं। पेशेवर फुटबॉल खेलने और राज्य की प्रमुख फुटबॉल टीमों में से एक का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा रखने वाले कश्मीर भर से 22 पात्र प्रतिभागियों ने चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया। हम आपको बता दें कि इस पूरी प्रक्रिया की जांच देश के प्रसिद्ध फुटबॉल विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा की जा रही है। प्रभासाक्षी से बात करते हुए, एक फुटबॉल कोच ने कहा कि जम्मू-कश्मीर बैंक का हमेशा से उद्देश्य युवा विकास कार्यक्रम आयोजित करना रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से आज हमारा पांचवां बैच है और कश्मीर क्षेत्र में ट्रायल चल रहे हैं, इससे पहले हमने जम्मू क्षेत्र से 22 खिलाड़ियों का चयन किया था। उन्होंने कहा कि एक बार ट्रायल हो जाने के बाद 22 चयनित खिलाड़ियों को तीन साल का अनुबंध मिलेगा और वे जेके बैंक टीम और अखिल भारतीय फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित अन्य युवा लीग में खेलेंगे।



बेंगलुरु में जेडीएस कार्यालय के पास जकरयाना केरे के पास खड़ी जब्त गाड़ियों में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मी काम कर रहे हैं। आग लगने के कारणों की अभी जांच की जा रही है। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## नाजायज औलाद हूं... बाप से गुजारा भत्ता चाहिए मीलॉर्ड; सुप्रीमकोर्ट ने क्या सुनाया फैसला




नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने दो दशक पुरानी एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। इस मामले में 23 साल युवक ने दावा किया कि उसकी पैदाइश मां के विवाहेतर संबंध का नतीजा है। उसने अदालात से अपने असली पिता की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की मांग की थी। युवक ने कहा कि वह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा है और कई सर्जरी करा चुका है। आर्थिक मदद के लिए उसने अपने जैविक पिता से गुजारा भत्ते की मांग की थी। हालांकि, युवक की याचिका को सुप्रिम कोर्ट ने खारिज कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, युवक की मां ने 1989 में शादी की थी और 1991 में एक बेटी को जन्म दिया। युवक का जन्म 2001 में हुआ और 2003 में मां ने अपने पति से अलग होने का फैसला लिया। 2006 में उन्हें तलाक मिला। इसके बाद, महिला ने कोच्चि म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन से अपने बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम बदलने की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने अदालत का आदेश मांगा। 2007 में एक स्थानीय अदालत ने कथित जैविक पिता को डीएनए टेस्ट कराने का निर्देश दिया। लेकिन उन्होंने हाई कोर्ट में इसे चुनौती दी। 2008 में हाई कोर्ट ने आदेश को पलटते हुए कहा कि डीएनए टेस्ट तभी किया जा सकता है जब यह साबित हो कि बच्चे के जन्म के वक्त पति-पत्नी के बीच कोई संपर्क नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की धारा 112 के तहत वैध विवाह के दौरान या विवाह समाप्त होने के 280 दिन के भीतर जन्मा बच्चा पति का वैध संतान माना जाता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि भले ही युवक की मां का विवाहेतर संबंध रहा हो, लेकिन यह साबित नहीं होता कि पति-पत्नी के बीच संपर्क नहीं था।

### सेक्सुअल असॉल्ट केस के पीड़ितों के नाम न करें सार्वजनिक, हाई कोर्ट ने उठाए सवाल

तिरुवनंतपुरम (ए)। केरल हाई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न के मामलों में जीवित बचे लोगों के नामों का खुलासा करना अनुचित है, भले ही शिकायतकर्ताओं ने इसके लिए सहमति दी हो। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की कार्रवाइयों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन किया है। हाई कोर्ट ने पूछा कि क्या सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन किया जा सकता है, मान लीजिए कि पीड़िता कहती है कि मुझे कोई आपत्ति नहीं है? क्या मैं नाम बता सकता हूँ? यह उचित नहीं है। आप सामान्य बयान दे सकते हैं। सार्वजनिक टिप्पणीकार राहुल ईश्वर से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पीवी कुन्हिकृष्णन ने यह टिप्पणी की। एक अभिनेत्री द्वारा उसके कपड़ों की पसंद के बारे में टिप्पणी करने के लिए उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करने की चेतावनी के बाद ईश्वर ने पुलिस कार्रवाई से सुरक्षा की मांग करते हुए अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। ईश्वर ने अपनी जमानत याचिका में शिकायतकर्ता के नाम का उल्लेख किया था, जिसके कारण अदालत ने कार्रवाई की आलोचना की।

# धनुष की फिल्म तेरे इश्क में का नया टीजर आउट, रिलीज डेट से उठा पर्दा, बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन संग इश्क फरमाएंगे एक्टर



साउथ सुपरस्टार धनुष की अपकमिंग फिल्म तेरे इश्क में की हर एक अपडेट का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. हाल ही में धनुष की फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था जिसमें एक मिस्ट्री गर्ल को लेकर सस्पेंस क्रीएट किया गया था. लेकिन अब नए टीजर में मिस्ट्री गर्ल का चेहरा सामने आ गया है. इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है. तो आइए जानते हैं रांझणा के बाद धनुष इस अपकमिंग फिल्म में किस बॉलीवुड एक्ट्रेस के साथ इश्क फरमाने जा रहे हैं। धनुष की रांझणा को क्रिटीक्स और दर्शकों की खूब सराहना मिली थी और आज भी रांझणा के गाने, डायलॉग तक युवाओं की जुबान पर चढ़े रहते हैं. अब फिर से धनुष ऐसी ही धमाकेदार लव स्टोरी के साथ वापस आ रहे हैं। जिसका नाम है- तेरे इश्क में. धनुष ने एक दिन पहले एक टीजर रिलीज किया था जिसमें वे हाथ में मशाल लिए कहते हैं, पिछली बार तो कुंदन था मान गया, पर इस बार शंकर को कैसे रोकोगे. जिसके बाद एक वॉइस ओवर आता है जिसमें एक मिस्ट्री गर्ल की आवाज होती है। जो कहती है- शंकर, इश्क में बस लड़के ही मरते हैं क्या, कुछ लड़कियां भी कलेजा रखती हैं जान देने का.यह वॉइस ओवर सस्पेंस क्रीएट कर देता है कि आखिर यह मिस्ट्री गर्ल है कौन। तो आज धनुष ने इसका जवाब दे दिया है एक नया टीजर रिलीज करके. इस टीजर में नजर आती हैं कृति सेनन. जी हां रांझणा में सोनम कपूर संग रांझणा में सबका दिल जीतने के बाद अब धनुष कृति सेनन संग मोहब्बत की नई इबारत लिखने के लिए तैयार हैं। दोनों ही टीजर धांसू हैं और एक मजबूत लव स्टोरी होने का दावा करते हैं. बता दें टीजर के साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है. धनुष और कृति की तेरे इश्क में 28.11.2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.रांझणा 2013 में रिलीज हुई थी. जिसमें धनुष, सोनम कपूर और अभय देओल ने अहम भूमिकाएं निभाई थी. फिल्म की कहानी में धनुष यानि कुंदन को सोनम कपूर से प्यार हो जाता है लेकिन बड़े होने के बाद सोनम को अभय देओल से प्यार हो जाता है और वह कुंदन के प्यार को गंभीरता से नहीं लेती।

# आकांक्षा शर्मा 2025 में चार रोमांचक प्रोजेक्ट्स के साथ तेलुगु और हिंदी सिनेमा में डेब्यू करेंगी



2025 आकांक्षा शर्मा के लिए एक सफल वर्ष होने वाला है, क्योंकि उभरती हुई स्टार तेलुगु और हिंदी सिनेमा दोनों में अपनी बहुप्रतीक्षित शुरुआत करने के लिए तैयार है। चार विविध परियोजनाओं की एक उल्लेखनीय लाइनअप के साथ, आकांक्षा अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और उद्योग में सबसे रोमांचक नई प्रतिभाओं में से एक के रूप में अपनी जगह पक्की करने के लिए तैयार है। यहाँ उनकी आगामी फ़िल्मों की एक झलक दी गई है

तेरा यार हूँ मैं प्रतिभाशाली मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित इस फील-गुड रोमांटिक-कॉमेडी में आकांक्षा रोमांस की दुनिया में कदम रखती हैं। अमन इंद्र कुमार के साथ अभिनीत, यह फिल्म रिश्तों, दोस्ती और प्यार पर एक नया नज़रिया पेश करती है। भावनाओं को हास्य के साथ मिलाने की मिलाप की आदत के साथ, यह फिल्म दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। केसरी वीर इस पीरियड ड्रामा में आकांक्षा बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों जैसे सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और सूरज पंचोली के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित केसरी वीर दर्शकों को एक महाकाव्य यात्रा पर ले जाएगा, जिसमें आकांक्षा इस एक्शन से भरपूर ड्रामा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जो दमदार अभिनय और मनोरंजक कहानी दोनों का वादा करता है।

लैला- आकांक्षा की तेलुगु डेब्यू लैला के साथ होने वाली है, जहां वह प्रतिभाशाली विश्वक सेन के साथ अभिनय करेंगी। अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाने वाले, इस प्रोजेक्ट में आकांक्षा के साथ विश्वक सेन की जोड़ी निश्चित रूप से तेलुगु फिल्म उद्योग में कुछ रोमांचक लेकर आएगी, जिसमें शानदार केमिस्ट्री के साथ आकर्षक कहानी होगी।

बिना शीर्षक वाली एक्शन-कॉमेडी- इन सबसे बढ़कर, आकांक्षा एक एक्शन-कॉमेडी में भी नज़र आएंगी, जिसका निर्देशन एक बार फिर मिलाप जावेरी करेंगे। यह हाई-एनर्जी फ़िल्म एड्रेनालाईन-पंपिंग एक्शन सीक्वेंस को हास्य के साथ मिलाएगी, और आकांक्षा की नई प्रतिभा के साथ, यह दर्शकों के लिए एक मनोरंजक सवारी होगी।फ़िल्मों की इस आशाजनक सूची के साथ, 2025 आकांक्षा शर्मा के लिए एक निर्णायक वर्ष बनने जा रहा है।

रोमांस और पीरियड ड्रामा से लेकर एक्शन-कॉमेडी तक, तेलुगु और हिंदी दोनों फ़िल्मों में उनकी प्रभावशाली पहली फ़िल्में उनकी अनुकूलनशीलता और रेंज को दर्शाती हैं। उनके सुर्खियों में आने से प्रशंसकों को निश्चित रूप से एक ट्रीट मिलने वाली है!

## नागा चैतन्य और साई पल्लवी की बहुप्रतीक्षित फिल्म थंडेल का ट्रेलर आउट



नागा चैतन्य, साई पल्लवी की आगामी मनोरंजक फिल्म थंडेल, जो 7 फरवरी को विभिन्न भाषाओं में शानदार रिलीज के लिए तैयार है, फिल्म प्रेमियों के बीच जबरदस्त दिलचस्पी पैदा कर रही है।फिल्म के प्रमोशन ने पहले ही फिल्म प्रेमियों को तीव्र भावनाओं और एक्शन ब्लॉक के साथ आकर्षित किया है। आज, निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया। कल जारी किए गए ट्रेलर के प्रस्तावना को सभी तिमाहियों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।ट्रेलर में रोचक और यथार्थवादी तत्व हैं, जो फिल्म प्रेमियों को आकर्षित कर रहे हैं। नागा चैतन्य को मछुआरे राजू के रूप में पेश किया गया है और यथार्थवादी लुक पाने के लिए उन्होंने उल्लेखनीय बदलाव किए हैं। ट्रेलर में रोमांटिक तत्व भरे हुए हैं और इसने राजू और बुज्जी थल्ली के बीच साझा गहरे प्रेम को उजागर किया है, जिसे बहुमुखी अभिनेता साई पल्लवी ने निभाया है।उनकी कहानी तब मुश्किल में पड़ जाती है जब राजू पाकिस्तानी जलक्षेत्र में प्रवेश करता है और पकड़ा जाता है। देशभक्ति के दृश्य और संवाद दर्शकों के दिलों को छूते हैं। ट्रेलर में थंडेल का अर्थ भी बताया गया है, जिसका मतलब लीडर होता है। निर्देशक चंदू मोंडेती ने नागा चैतन्य और साई पल्लवी से बेहतरीन अभिनय करवाया है और शमदत सैनुद्दीन की सिनेमैटोग्राफी और देवी श्री प्रसाद के बैकग्राउंड स्कोर ने दर्शकों को कहानी में बांधे रखा। यह फिल्म पाकिस्तानी सेना द्वारा पकड़े गए मछुआरों की वास्तविक जीवन की घटनाओं और जेलों में उनके द्वारा झेली गई यातनाओं पर आधारित है।

## बॉक्स ऑफिस पर स्काई फोर्स का जलवा बरकरार, 4 दिन में कूट डाले 79.45 करोड़!

अक्षय कुमार की एरियल एक्शन ड्रामा स्काई फोर्स पिछले चार सालों में बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार के लिए सबसे बड़ी हिट साबित हुई है. कई फ्लॉप फिल्मों के बाद अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 3 दिनों में 90 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई की है. वहीं भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। 24 जनवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई वीर पहाड़िया की डेब्यू फिल्म स्काई फोर्स ने डबल डिजिट में ओपनिंग की. मेकर्स के मुताबिक, पहले दिन स्काई फोर्स ने भारत में 15.30 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. वहीं दूसरे दिन अक्षय कुमार स्टारर ने 26.30 करोड़ रुपये कमाए. तीसरे दिन गणतंत्र दिवस के मौके पर फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी दर्ज की गई. 26 जनवरी के मौके पर स्काई फोर्स ने 31.60 करोड़ रुपये की कमाई की है। बीते सोमवार को मैडॉक फिल्म्स ने स्काई फोर्स के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में अपडेट साझा किया. इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, स्काई फोर्स नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है, गणतंत्र दिवस वीकेंड पर दर्शकों की पसंदीदा फिल्म बन गई है. मेकर्स ने बताया कि स्काई फोर्स ने 3 दिनों में 92.90 करोड़ रुपये का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है।

# छोटी सी ड्रेस पहन सुरभि चंदना ने कराया हॉट फोटोशूट, लेटेस्ट तस्वीरें देख फैंस ने की तारीफ



टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।एक्ट्रेस सुरभि चंदना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग और हॉट अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।एक्ट्रेस की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लू कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही कातिलाना अदाओं में पोज देती हुई इंटरनेट का पारा हाई कर रही हैं।कानों में बड़ी सी इयररिंग्स, लाइट मेकअप और डार्क शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि एक्ट्रेस सुरभि चंदना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।सुरभि चंदना की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- बेहद शानदार। तीसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग।

## मिसेज का ट्रेलर रिलीज, सान्या मल्होत्रा ने दिखाई घर-गृहस्थी संभालने वाली महिलाओं के संघर्ष की कहानी

एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा का नाम सामने आते ही दंगल फिल्म में उनका किरदार याद आ जाता है। इस फिल्म के बाद भी उन्होंने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया। मूवी कटहल और मीनाक्षी सुंदरवेश्वर में भी उनकी दमदार एक्टिंग को सराहा गया। इन दिनों उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म मिसेज की चल रही है। इसका इंतजार प्रशंसक लंबे समय से कर रहे थे। हालांकि, अब इससे जुड़ी गुड न्यूज सामने आ गई है। मिसेज फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में ट्रेलर जारी किया। इसे देखने के बाद मिसेज की कहानी का अंदाजा भी लग गया है। यह एक हाउस वाइफ की कहानी को दर्शाती है। आमतौर पर इस तरह के विषय पर आधारित फिल्मों में आधुनिकता का ढोल पीटा जाता है, लेकिन सान्या मल्होत्रा स्टारर मूवी समाज की उस महिला को दर्शाती है, जिसे खाना बनाने और साफ-सफाई करने का काम सौंप दिया जाता है और उसे ही उनकी जिंदगी बताया जाता है फिल्म में एक्ट्रेस सान्या एक नई दुल्हन ऋचा की भूमिका में नजर आएंगी। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट से जुड़ी जानकारी का अपडेट शेयर किया है। बता दें कि मूवी को सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। आरती कड़व के निर्देशन में बनी फिल्म का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर किया जाएगा।

## कन्नप्पा में रेबेल स्टार प्रभास का फर्स्ट लुक की पहली झलक आई सामने,3 फरवरी को जारी होगा पूरा लुक



फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म होने वाला है क्योंकि रेबेल स्टार प्रभास की नई फिल्म कन्नप्पा का फर्स्ट लुक 3 फरवरी 2025 को रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में प्रभास के किरदार की पहली झलक को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। कन्नप्पा में विष्णु मंचु मुख्य भूमिका में हैं, और इसे निर्देशक मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्म का निर्माण मोहन बाबू द्वारा किया गया है। फिल्म के पोस्टर में दर्शाया गया है कि यह कहानी एक योद्धा और परम भक्त की अद्भुत यात्रा को पेश करेगी. प्रभास का यह नया अवतार दर्शकों के लिए एक खास अनुभव लेकर आएगा. फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कन्नप्पा भारतीय संस्कृति और पौराणिक कथाओं पर आधारित एक महाकाव्य फिल्म होगी.फैंस को 3 फरवरी का बेसब्री से इंतजार है, जब कन्नप्पा का फर्स्ट लुक ऑफिशियल तौर पर सामने आएगा. प्रभास के प्रशंसक इसे उनकी एक और ऐतिहासिक फिल्म मान रहे हैं।. फिल्म की टीम ने यह संकेत भी दिया है कि कन्नप्पा में एक अद्भुत सिनेमाई अनुभव मिलेगा. हाल ही में फिल्म से अक्षय कुमार का भी लुक सामने आया था जिसमें वे भगवान शिव के रूप में दिखाई दिए और फैंस को उनका यह लुक काफी पसंद आया. अब फैंस प्रभास के लुक का इंतजार कर रहे हैं.

# सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर धूम मचाने के लिए तैयार है डाकू महाराज, 9 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

साउथ सिनेमा के दिग्गज एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म डाकू महाराज इन दिनों सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है। तेलुगु भाषा में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली डाकू महाराज हाल ही में हिंदी वर्जन में भी सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म की कहानी और स्टार कास्ट की एक्टिंग की खूब चर्चा हो रही है। इसी बीच डाकू महाराज की ओटीटी रिलीज को लेकर सुर्खियां तेज हो गई हैं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि यह फिल्म कब और कहां ऑनलाइन रिलीज (Daaku Maharaj OTT Release) हो सकती है। 12 जनवरी को डायरेक्टर बॉबी कोहली के निर्देशन में बनी डाकू महाराज बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपने धमाकेदार प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया था। हाल ही में 24 जनवरी को फिल्म का वर्जन हिंदी बेल्ट में सिल्वर स्क्रीन पर आया है, जिसे लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है।इसके अलावा फिल्म की ओटीटी रिलीज को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वेबसाइट 123 तेलुगु ने इस मामले में ताजा अपडेट देते हुए बताया है कि डाकू महाराज मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन रिलीज होगी।

# माइक्रोवेव में प्लास्टिक का उपयोग करना चाहिए या नहीं? जानिए इससे जुड़ी जरूरी जानकारी



माइक्रोवेव में प्लास्टिक के उपयोग को लेकर कई मिथक प्रचलित हैं। लोग मानते हैं कि माइक्रोवेव में प्लास्टिक का उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।इस धारणा के पीछे की सच्चाई जानना जरूरी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस विषय पर विचार करना अहम है, ताकि हम सही निर्णय ले सकें।इस लेख में हम इस मिथक की सच्चाई जानने की कोशिश करेंगे और देखेंगे कि क्या वास्तव में माइक्रोवेव में प्लास्टिक का उपयोग नुकसानदायक होता है या नहीं।

### सही प्रकार के प्लास्टिक का चयन करें

माइक्रोवेव में सभी प्रकार के प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जा सकता। इसके लिए बीपीए मुक्त और माइक्रोवेव सुरक्षित लेबल वाले विशेष प्रकार के प्लास्टिक कंटेनर ही सुरक्षित रहते हैं।इन पर ध्यान देना जरूरी है, क्योंकि ये उच्च तापमान सहन कर सकते हैं और इनमें से कोई हानिकारक रसायन नहीं निकलता।इसलिए, जब भी आप माइक्रोवेव में खाना गर्म करें, सुनिश्चित करें कि आप सही प्रकार के प्लास्टिक का ही चयन कर रहे हों।

### तापमान नियंत्रण रखें

माइक्रोवेव में खाना गर्म करते समय तापमान पर ध्यान देना बहुत अहम होता है। अत्यधिक तापमान पर कुछ प्लास्टिक पिघल सकते हैं या उनमें से रसायन निकल सकते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

इसलिए हमेशा मध्यम या कम तापमान पर ही खाना गर्म करने की कोशिश करें, ताकि किसी भी तरह की समस्या से बचा जा सके और आपका भोजन सुरक्षित रहे।इससे खाना भी खराब नहीं होगा और प्लास्टिक का कंटेनर भी नहीं पिघलेगा।

### समय सीमा का पालन करें

खाना गर्म करते वक्त समय सीमा का पालन करना भी जरूरी होता है। लंबे समय तक माइक्रोवेव में रखने से कुछ प्रकार के प्लास्टिक कमजोर हो सकते हैं और उनमें से रसायन निकलने लगते हैं।ये रसायन आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं और बीमारी का कारण बन सकते हैं। इसलिए इस्तेमाल से पहले हमेशा निर्देशों को पढ़ें और निर्धारित समय सीमा तक ही भोजन को गर्म करें, ताकि किसी भी तरह की समस्या न हो।

### नियमित रूप से जांचें

कंटेनरों की नियमित जांच करना जरूरी होता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सुरक्षित स्थिति में हैं या नहीं।

अगर कोई दरार नजर आए तो कंटेनर को तुरंत बदल दें, क्योंकि इससे भोजन पर असर पड़ सकता है और वह असुरक्षित हो सकता है।

सही जानकारी और सावधानी बरतकर आप माइक्रोवेव में प्लास्टिक का सुरक्षित रूप से उपयोग कर सकते हैं और बिना किसी चिंता के अपने भोजन को गर्म कर सकते हैं।

# घर पर नेचुरल मेकअप फिक्सर कैसे बनाएं? यहां जानें होममेड मेकअप सेटिंग स्प्रे बनाने का तरीका



आजकल ज्यादातर महिलाएं सुंदर दिखने के मेकअप का यूज करती हैं. लेकिन लंबे समय तक मेकअप को चेहरे पर फिक्स रखना थोड़ा मुश्किल होता है. धूप, धूल और पसीना आने की वजह से मेकअप थोड़ी देर बाद हटना शुरू हो जाता है. ऐसे में मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग बनाए रखना किसी टास्क से कम नहीं होता. इसलिए कई महिलाएं मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने के लिए मेकअप फिक्सर का इस्तेमाल करती हैं. यूं तो बाजार में कई तरह के मेकअप फिक्सर मिलते हैं. लेकिन इन सभी में केमिकल होते हैं. साथ ही इन्हें खरीदने में पैसे भी अच्छे-खासे खर्च होते हैं. ऐसे में अगर आप चेहरे पर नेचुरल मेकअप फिक्सर का लगाना चाहती हैं तो यहां बताए तरीके से आसानी से घर पर उसे तैयार कर सकती हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में।

### इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल
1/2 कप पानी
1/2 चम्मच ग्लिसरीन
1-2 चम्मच गुलाब जल
1 छोटा स्प्रे बोतल

### फ्रेश एलोवेरा जेल का इस्तेमाल

अगर आप घर पर मेकअप फिक्सर बना रही हैं तो कोशिश करें इसमें फ्रेश एलोवेरा जेल का ही यूज करें. लेकिन अगर आप स्टोर से खरीद रही हैं, तो ध्यान दें कि उसमें कोई केमिकल न हो।

### घर पर मेकअप फिक्सर कैसे बनाएं?

सबसे पहले एक बर्तन में फ्रेश एलोवेरा जेल को डाल दें. इसके बाद इसमें पानी और ग्लिसरीन को भी बताई गई मात्रा के अनुसार डाल के मिला लें. अब इसमें गुलाब जल मिला लें. आपका नेचुरल मेकअप फिक्सर बनकर तैयार हो गया है. इसे आप एक स्प्रे बोतल में डाल लें।

### नेचुरल मेकअप फिक्सर लगाने के फायदे

एलोवेरा त्वचा को हाइड्रेट करता है. इसके साथ ही यह मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है. गुलाब जल और ग्लिसरीन से स्किन को नमी मिलती है।

# हॉकी इंडिया ने प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की



नई दिल्ली, (आरएनएस)। हॉकी इंडिया ने बुधवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जो 15 से 25 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।भारत का सामना मेहमान टीमों इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से होगा, जिसमें प्रत्येक टीम दो बार खेलेगी। उनका अभियान 15 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से शुरू होगा। जबरदस्त मिडफील्डर सलीमा टेटे कप्तान के रूप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी।टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं, जबकि सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री को डिफेंडर के रूप में चुना गया है। मिडफील्ड में, टीम में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, लालरेमसियामी, बलजीत कौर और शर्मिला देवी शामिल हैं। टीम में फॉरवर्ड खिलाड़ियों में नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया शामिल हैं। इसके अलावा, स्टैंडबाय सूची में गोलकीपर बनवारी सोलंकी, डिफेंडर अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति सिंह के साथ-साथ फॉरवर्ड साक्षी राणा, अन्नू और सोनम शामिल हैं।विशेष रूप से, एफआईएच नियमों के अनुसार, यदि किसी टीम के पास एफआईएच प्रो लीग चरण के दौरान खेलने के लिए 4 से अधिक मैच निर्धारित हैं, तो वे पहले 4 मैचों के बाद अपने 24-सदस्यीय दल में संशोधन कर सकते हैं। हालांकि, कोई भी बदलाव उनकी पूर्व-स्वीकृत प्रतिस्थापन सूची के खिलाड़ियों का उपयोग करके किया जाना चाहिए। हाल ही में संपन्न महिला हॉकी इंडिया लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद सोनम के पास सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण का मौका है, जहां वह दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर थीं। टीम के चयन पर बोलते हुए, मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, हम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए चुनी गई टीम से खुश हैं। यह टीम अनुभवी खिलाड़ियों और रोमांचक युवा प्रतिभाओं का अच्छा मिश्रण लेकर आई है, जो टूर्नामेंट में शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। हमारा ध्यान हर स्थिति में मजबूत विकल्पों के साथ एक संतुलित टीम बनाने पर रहा है।उन्होंने कहा, मैं यह देखने के लिए विशेष रूप से उत्साहित हूं कि कुछ युवा खिलाड़ी कैसा प्रदर्शन करते हैं, खासकर वे जिन्होंने महिला हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन किया है। हमें टीम की तैयारी पर भरोसा है और मेरा मानना है कि हमारे पास दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन करने की क्षमता है।

गोलकीपर: सविता पुनिया, बिचू देवी खारीबाम

डिफेंडर: निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरंबम, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति

मिडफील्डर: वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी , शर्मिला देवी, बलजीत कौर

फॉरवर्ड: नवनीत कौर, संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, प्रीति दुबे, रुताजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान

# रोहित और कोहली के साथ काम करने को उत्साहित हैं बल्लेबाजी कोच सितांशु

राजकोट (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के नए बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा है कि वह आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी को देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा ओर अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। सितांशु ने कहा कि कहा कि इनको लेकर उनके दिमाग में एक योजना भी है जिसके लिए दोनो से ही वह बात करेंगे। सितांशु ने इससे पहले भी एनसीए और भारत ए स्तर पर बल्लेबाज कोच की जिम्मेदारी निभाई है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम के खिराब प्रदर्शन के बाद उन्हें टीम की बल्लेबाजी को बेहरत बनाने की जिम्मेदारी मिली है। रोहित और कोहली 6 फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम से जुड़ेंगे।

सितांशु ने कहा कि रोहित और विराट बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं पर इस टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। मेरा काम यह समझने की कोशिश करने के बारे में कि खिलाड़ी अपने खेल की योजना कैसे बना रहे हैं, उनकी सोच क्या है और हम किस तरह से उनके खेल में कुछ जोड़ सकते हैं। मैं इसी तरह सोचता हूं। उन्होंने कहा कि मैं अगर किसी खिलाड़ी के खेल में दो या पांच फीसदी भी जोड़ सका तो यह बड़ी बात होगी। उन्होंने जितना क्रिकेट खेला है और जिस तरह का प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा। मुझे भी उनसे काफी कुछ सीखने को मिलेगा। सितांशु ने कहा कि आने वाले समय में वह विराट और रोहित से बात करेंगे। साथ ही कहा कि यह खेल इसी तरह चलता है, आपको दूसरों के विचारों को सुनने और सीखने के



लिए तैयार रहना होगा। साथ ही कहा कि वे अगर मुझ से कुछ पूछना चाहते हैं तो मेरे दिमाग में कुछ बाते हैं जो में कहूंगा पर इसके लिए सही समय होना चाहिये। उन्हें यह महसूस करना चाहिये कि वे इसके लिए तैयार है।

## चैंपियंस ट्रॉफी से पहले आईसीसी में उथल-पुथल, सीईओ ने छोड़ा पद

नईदिल्ली, (ए)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से पाकिस्तान में होने वाला है. वनडे विश्व कप के बाद आईसीसी का ये सबसे बड़ा इवेंट होता है. इवेंट को सफलता पूर्वक संपन्न करना होस्ट के देश के साथ आईसीसी के लिए भी एक बड़ी चुनौती है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 लंबे समय से कई समस्याओं का सामना कर रहा है. उद्घाटन मैच के कुछ दिन पहले आईसीसी में उथल पुथल की खबर सामने आ रही है. आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत से 22 दिन पहले आए उनके इस्तीफे से क्रिकेट की दुनिया में हड़कंप मच गया है. ज्योफ एलार्डिस 2012 में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से आईसीसी में जनरल मैनेजर के रूप में नियुक्त हुए थे।

## राजकोट में टीम इंडिया का बुरा हाल, इंग्लैंड ने भारत को 26 रनों से हराया

नईदिल्ली, (आरएनएस)। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में भारत को 26 रनों से हार का सामना करना पड़ा है. पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 9 विकेट पर 171 रन बनाए थे. जवाब में टीम इंडिया 9 विकेट पर सिर्फ 145 रन ही बना सकी है. इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सीरीज में वापसी की है. सीरीज अब 2-1 पर है. भारत के लिए हार्दिक ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए. वहीं इंग्लैंड के लिए जैमी ओवरटन 3 विकेट चटकाए. जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट झटके. जबकि आदिल रशिद, मार्क वुड और ब्रायडन कार्स को 1-1 सफलता मिली.

172 रनों की लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही. ओपनर संजू सैमसन सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए. उन्हें जोफ्रा आर्चर ने पवेलियन का रास्ता दिखाया है. इसके बाद विस्फोटक बल्लेबाजी कर रहे अभिषेक शर्मा को ब्रायनड कार्स ने आउट किया. अभिषेक 14 गेंदों में 5 चौके की मदद से 24 रन बनाए. भारत का तीसरा विकेट सूर्यकुमार यादव के रूप में गिरा. वे 14 रन बनाकर आउट हुए. सूर्या को मार्क वुड ने पवेलियन का रास्ता दिखाया।

टीम इंडिया को चौथा झटका तिलक वर्मा के रूप में लगा. उन्हें आदिल रशीद ने अपना शिकार बनाया. तिलक वर्मा 18 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद जैमी ओवरटन को पवेलियन का रास्ता दिखाया. वाशिंगटन सुंदर सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल ने पारी को आगे बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन फिर जोफ्रा आर्चर ने अक्षर पटेल को चलता किया. अक्षर 16 गेंद पर 15 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद टीम इंडिया की उम्मीद सिर्फ हार्दिक से थी, लेकिन फिर ओवरटन ने टीम इंडिया की इस उम्मीद को भी हार्दिक पांड्या की विकेट लेकर तोड़ दिया. हार्दिक 35 गेंदों में 40 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद मोहम्मद शमी एक छक्के की मदद से 7 रन बनाकर आउट हुए. ध्रुव जुरेल के रूप में भारत ने 9वां विकेट गंवाया. जुरेल 2 रन बनाकर आउट हुए. विश्नोई एक और वरुण चक्रवर्ती 4 रन बनाकर नाबाद रहे. इस तरह टीम इंडिया 9 विकेट पर 145 रन ही बना सकी और 26 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

## स्टीव स्मिथ ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, पोंटिंग-बॉर्डर और स्टीव वॉ की लिस्ट में हुए शामिल

नईदिल्ली, (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज हो चुका है. गाले में पहला टेस्ट खेला जा रहा है. ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया है. लंच से पहले बैटिंग के लिए उतरे स्मिथ के नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है. इसके साथ ही स्मिथ का नाम ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाजों की लिस्ट में शुमार हो चुका है. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान स्टीव स्मिथ 10,000 टेस्ट रन का आंकड़ा छूने से सिर्फ 1 रन पीछे रह गए थे. गाले टेस्ट में कप्तानी कर रहे स्मिथ चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे और पहला रन बनाते ही टेस्ट में उनके 10,000 रन पूरे हो गए. ये उपलब्धि हासिल करने वाले वे ऑस्ट्रेलिया के चौथे बल्लेबाज हैं. स्मिथ ने 115 वें टेस्ट की की 205 वीं पारी में ये उपलब्धि हासिल की है. स्टीव स्मिथ से पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में 1०० हजारे रन बनाने वाले बल्लेबाज एलेन बॉर्डर, स्टीव स्मिथ और रिकी पोंटिंग हैं. बॉर्डर ने 1978 से 1994 के बीच 156 टेस्ट की 265 पारी में 11,174 रन बनाए थे. इसमें 27 शतक शामिल हैं. 1985 से 2004 के बीच स्टीव वॉ ने 168 टेस्ट की 260 पारी में 32 शतक लगाते हुए 10,927 रन बनाए हैं. ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन रिकी पोंटिंग के नाम हैं. 1995 से 2012 के बीच 168 टेस्ट में 41 शतक लगाते हुए 13,378 रन बनाए हैं. स्टीव स्मिथ मौजूदा दौर में टेस्ट क्रिकेट के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं. उनके करियर पर नजर डालें तो 115 टेस्ट की 205 पारी में 34 शतक, जिसमें 4 दोहरे शतक हैं।

# गौतम गंभीर के 2 फैसलों ने राजकोट में डुबोई टीम इंडिया की लुटिया

## -हाथ से फिसला लगातार तीसरी जीत का मौका

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टी 20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला राजकोट में 28 जनवरी को खेला गया. इस मैच में इंग्लैंड ने भारत को 26 रन से हरा दिया. पहला और दूसरा मैच हार चुकी इंग्लैंड ने इस जीत के साथ ही सीरीज के रोमांच को बरकरार रखा है. हालांकि ये जीत भी इंग्लैंड के लिए मुश्किल लग रही थी लेकिन मैच के दौरान अचानक लिए जाने वाले अपने फैसलों के लिए चर्चित गौतम गंभीर के 2 फैसले टीम इंडिया पर राजकोट में भारी पड़ गए. ऐसा नहीं हुआ होता तो शायद भारत मैच के साथ ही ये सीरीज भी अपने नाम कर लेती.

इसमें कोई संशय नहीं है कि प्लेइंग इलेवन के चयन और बैटिंग ऑर्डर को तय करने में हेड कोच गौतम गंभीर की अहम भूमिका होती है. कई मौकों पर उनके फैसले सही साबित होते हैं लेकिन राजकोट में ऐसा नहीं हुआ. भारत को जीत के लिए 172 रन की जरूरत थी. भारतीय टीम अपने विकेट लगातार खो रही थी. टीम ने 68 रन पर अपने 4 विकेट खो दिए.



यहां पर टीम में ध्रुव जुरेल मौजूद थे जो एक संपूर्ण बल्लेबाज हैं. लेकिन उन्हें न भेजकर छठे नंबर पर वाशिंगटन सुंदर को भेजा गया.

सुंदर 15 गेंद में 6 रन बनाकर आउट हुए. उनके बाद भी ध्रुव को न भेज अक्षर को भेजा गया. अक्षर 16 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हुए. जुरेल 8 वें नंबर पर आए. तब दबाव और बढ़ चुका था. वे 4 गेंद में 2 रन बनाकर आउट हो गए. अगर जुरेल को पहले भेजा गया होता और सेट होने का समय उनके पास होता तो मैच का परिणाम भारत के पक्ष में हो सकता था.

172 रन के लक्ष्य का पीछा करने टीम इंडिया नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही. इस वजह से टीम कभी भी जीत की तरफ जाती नहीं दिखी. भारतीय टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 145 रन बना सकी और मैच 26 रन से हार गई. सबसे ज्यादा 40 रन हार्दिक पांड्या ने बनाए. दूसरे टॉप स्कोरर अभिषेक शर्मा 24 रहे. इंग्लैंड ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए थे. बेन डकेट ने 28 गेंद में 7 चौके और 2 छक्के की मदद से 51 रन बनाए. वे टॉप स्कोरर रहे. लियाम लिविंग्सटन ने 24 गेंद पर 43 रन बनाए. भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती ने 4 ओवर में 24 रन देकर 5 विकेट लिए. वरुण के इस प्रदर्शन पर भारतीय बल्लेबाजों ने पानी फेर दिया.



### ड्रग्स तस्करी का बड़ा मामला

## अमेरिका में धागे की खेप में मिलीं 70 हजार नशीली गोलियां, भारत से हुई थी सप्लाई

वाशिंगटन ,(आरएनएस)। अमेरिका में भारत से सप्लाई की गई धागे की खेप में 70 हजार नशीली गोलियां बरामद की गई हैं। इन गोलियों की कीमत 33,000 अमेरिकी डॉलर बताई जा रही है। अमेरिका के सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग ने इस बात की जानकारी दी है। विभाग का कहना है कि उसने इन गोलियों को धागे की खेप के बीच में से ही बरामद किया है। इन गोलियों को कैलिफोर्निया के ब्यूना पार्क स्थित एक पते पर भेजा जाना था। इन गोलियों के सेवन पर अमेरिका में पाबंदियां हैं और डॉक्टरी मशविरे के बिना इन्हें खरीदने या सेवन करने की मनाही है। ऐसे में यह मामला ड्रग्स तस्करी का भी हो सकता है। धागे के माल में इस तरह से गोलियां मिलना चिंताजनक है। जोलपिडेम टार्ट्रेट नामक इन गोलियों को औषधि प्रवर्तन प्रशासन द्वार नियंत्रित पदार्थों की सूची में शामिल किया गया है। ये नशीली दवाओं में आती हैं और कई बार लोग नींद की गोलियों के रूप में भी इन्हें इस्तेमाल करते हैं। ड्रग्स की लत वाले लोग भी इन गोलियों को खरीदते हैं। डॉक्टरों द्वारा अनिद्रा के इलाज के लिए मरीजों को यह दवा दी जाती है।

# रेलवे स्टेशन की छत गिरी, 15 की मौत, घटना के बाद विरोध के चलते पीएम ने दिया इस्तीफा

बेलग्रेड(ए)। सर्बिया के लोकप्रिय प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इसकी वजह ये है कि एक रेलवे स्टेशन पर कंक्रीट की छत गिरने से हुई 15 लोगों की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। यह कदम उन्होंने राजनीतिक तनाव को कम करने और हफ्तों से चल रहे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के दबाव को शांत करने के लिए उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नवंबर में नोवी सैड शहर के एक रेलवे स्टेशन पर छत गिरने की घटना ने सर्बिया के लोकप्रिय राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच के बढ़ते तानाशाही शासन के खिलाफ व्यापक असंतोष को उजागर किया है। वुचिच पर सर्बिया में लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं को सीमित करने के आरोप लगे हैं, जबकि वे औपचारिक रूप से यूरोपीय संघ की



सदस्यता की मांग कर रहे हैं। वुसेविक ने अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह मेरा अनुरोध है कि सभी लोग अपनी भावनाओं को शांत करें और संवाद पर लौटें। नोवी सैड के मेयर मिलान जुरिक ने भी मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। वुसेविक का इस्तीफा जल्दी संसदीय चुनाव की संभावना को जन्म दे सकता है। इस्तीफे की पुष्टि सर्बिया की संसद द्वारा की जानी चाहिए, जिसके पास नई सरकार चुनने या त्वरित चुनाव कराने के लिए 30 दिन का समय है। विपक्षी दलों ने कहा है कि वे एक अंतरिम सरकार पर जोर देंगे जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की स्थिति बनाएगी। वुचिच के लोकप्रिय दलों पर पिछले चुनावों के दौरान अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। नोवी सैड का मुख्य रेलवे स्टेशन हाल के वर्षों में चीनी राज्य कंपनियों के साथ एक व्यापक बुनियादी ढांचा सौदे के हिस्से के रूप में दो बार पुनर्निर्मित किया गया था। सर्बिया के अभियोजकों ने 13 लोगों के खिलाफ आरोप लगाए हैं, जिनमें एक सरकारी मंत्री और कई राज्य अधिकारी शामिल हैं।

## अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स को बचाने के लिए ट्रंप ने एलन मस्क से मांगी मदद, टेस्ला सीईओ से मिला ये जवाब

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स कई महीनों से अंतरिक्ष में फंसी हैं। अब इनकी मदद



के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क से मदद मांगी है। इसे लेकर एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनसे दो बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की जल्द से जल्द वापसी की सुविधा देने के लिए कहा था, जो जून 2024 से अंतरिक्ष स्टेशन पर हैं।मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, '@POTUS @SpaceX @Space_Station पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द से जल्द घर लाने के लिए कहा है। हम ऐसा करेंगे।' गौर हो कि अगस्त 2024 में अंतरिक्ष एजेंसी ने घोषणा की कि उसने स्पेसएक्स को स्पेसएक्स क्रू-9 कैप्सूल पर विलियम्स और विल्मोर को घर लाने के लिए कहा था। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को क्रू-9 में रखा गया था, नासा ने चालक दल के चार सदस्यों में से दो को हटा दिया था, जिन्हें सितंबर में स्पेसएक्स ड्रैगन पर लॉन्च करने के लिए निर्धारित किया गया था।इसके बजाय, विलियम्स और विल्मोर के लिए जगह बनाने के लिए उस उड़ान में केवल एक अंतरिक्ष यात्री और अंतरिक्ष यात्री को उतारा गया, जो फरवरी 2025 में अभियान के अंत में घर लौटने के लिए तैयार थे।

# ट्रंप ने क्यों कहा कि मैं तीसरी बार भी राष्ट्रपति बन सकता हूं

## बीते एक सप्ताह में लिए कई ऐतिहासिक फैसले



वाशिंगटन (ए)। डोनाल्ड ट्रंप ने इस इरादे के साथ राष्ट्रपति पद की शपथ ली है कि वे अमेरिका को फिर महान बना देने वाले है। बीते एक हफ्ते में वह दर्जनों इसतरह के आदेश जारी कर चुके हैं जिन्हें देश को फायदा होने की बात कही जा रही है। इस बीच ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि वे तीसरी बार भी राष्ट्रपति बन सकते हैं। दरअसल ट्रंप ने मियामी में कांग्रेसनल रिपब्लिकन की बैठक में कहा कि मैंने तीसरी बार चुनाव लड़ने के लिए बहुत पैसा जुटाया है। लगता है कि इस पैसे का इस्तेमाल मैं खुद के लिए नहीं कर सकूं। इस लेकर मैं 100 फीसदी पक्का नहीं हूं क्योंकि संविधान के अनुसार मुझे तीसरी बार चुनाव लड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये मेरा सौभाग्य होगा कि मैं दो बार नहीं बल्कि तीन या चार बार राष्ट्रपति बना सकूं। बता दें कि अमेरिकी संविधान के 22वें संशोधन के अनुसार अमेरिका में राष्ट्रपति दो बार तक ही पद पर रह सकते हैं। संविधान में यह संशोधन 1951 में किया गया था। बता दें कि ट्रंप ने अपने कार्यकाल के शुरुआती एक हफ्ते में कई बड़े फैसले लिए। ट्रंप की हिट लिस्ट में अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासी रहे हैं। इन अवैध प्रवासियों के लिए वह पड़ोसी मुल्कों कनाडा, मैक्सिको और कोलंबिया को जिम्मेदार ठहराते रहे हैं। इसके बाद पद संभालने के पहले ही दिन उन्होंने सबसे पहले दक्षिणी सीमा पर प्रवासियों के प्रवेश पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने मैक्सिको सीमा पर दीवार बनाने के प्रयासों को फिर से शुरू किया है और अवैध रूप से या अस्थायी वीजा पर अमेरिका में रहने वाले प्रवासियों के बच्चों को नागरिकता देने से इंकार किया। ट्रंप ने कार्यकाल के पहले ही दिन पेरिस जलवायु समझौते से पीछे हटने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी। उन्होंने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया। इसके साथ ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका के हटने के आदेश पर भी हस्ताक्षर किया। उन्होंने टिकटॉक पर बैन को 75 दिनों के लिए टाल दिया।

## दक्षिण कोरिया में एयर बसान के विमान में लगी आग, सभी यात्रियों को बचाया




गिम्हे,(ए)। दक्षिण कोरिया के गिम्हे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर बसान का एक विमान आग की चपेट में आ गया। जब विमान हांगकांग उड़ान के लिए तैयार था, उसी समय उसमें आग लग गई। आग लगने के बाद विमान में सवार सभी 169 यात्री और सात क्रू मेंबर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। हादसे में एक व्यक्ति को मामूली चोट आई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आग विमान के अंदर से शुरू हुई। आग विमान की टेल में लगी थी। एयरबस ने इस घटना की रिपोर्ट की जानकारी होने की बात कही है और वह एयर बसान के साथ संपर्क में है। घटना की सही वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है और जांच जारी है। पिछले महीने ही दक्षिण कोरिया में एक भयावह विमान हादसा हुआ था। 29 दिसंबर को जेजू एयर के बोइंग 737-800 विमान की लैंडिंग गियर में खराबी की वजह से मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में विमान की लैंडिंग हुई थी। उसके बाद विमान रनवे से फिसल कर एक दीवार से टकराया था और उसमें आग लग गई थी।

## भयानक ठंड : इस देश में शून्य से 44.4 डिग्री सेल्सियस नीचे गया तापमान

उलान बाटोर(आरएनएस)। पश्चिमी मंगोलिया के जावखान प्रांत के प्रशासनिक उपखंड ओटगोन सोम में शनिवार से रविवार की रात के दौरान तापमान शून्य से 44.4 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। देश की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान और पर्यावरण निगरानी एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी।मौसम निगरानी एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इस शीत ऋतु में मंगोलिया में यह अब तक का सबसे ठंडा तापमान है।एजेंसी ने पूर्वानुमान लगाया है कि मंगोलिया के अधिकांश हिस्सों में सर्दियों के दौरान दीर्घकालिक औसत से अधिक ठंड पड़ेगी।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वीकेंड में देश के मौसम अधिकारियों ने लोगों को आने वाले दिनों में अत्यधिक ठंड के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी थी।चेतावनी में कहा गया कि शनिवार से रूस के साइबेरिया से आने वाली ठंडी हवा मंगोलिया के बड़े हिस्से में फैल जाएगी, जिससे रात का तापमान शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस नीचे जा सकता है।एजेंसी ने कहा, पिछले वर्ष हमारे देश में सबसे कम तापमान 23 जनवरी को पश्चिमी प्रांत जावखान में शून्य से 48.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। इसने भविष्यवाणी की कि इस वीकेंड में पश्चिमी क्षेत्रों में भी ऐसी ही स्थिति रहेगी।देश के अन्य भागों, विशेषकर राष्ट्रीय राजधानी उलान बाटोर में, हाल के दिनों की तुलना में तापमान 10-15 डिग्री कम रहने की संभावना है औक पूरे वीकेंड भारी बर्फबारी की संभावना है।

# विकास के पथ पर सीहोर को आगे ले जाना है : कलेक्टर बालागुरु के.



सीहोर (निप्र)। पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता आयोजित की। पत्रकार वार्ता में जिले के सभी मीडिया संस्थानों पत्रकार उपस्थित रहे। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कलेक्टर बालागुरू ने कहा कि सीहोर जिला विकास में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से सीहोर जिले को विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। कलेक्टर बालागुरू ने कहा कि मेरा यह प्रयास रहेगा कि आमजन के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का बेहतर ढंग से संचालन हो। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पत्र व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ पाने सें वंचित न रहे। इसके साथ ही जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से विकास और निर्माण के कार्य चल रहे हैं वे समय पर पूरे हों और गुणवत्तापूर्ण हो। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी आम आदमी को प्रदाय की जाने वाली सेवाओं को बेहतर और समयबद्ध करने का सतत प्रयास रहेगा।

### सीएम राइज स्कूलों में विद्यार्थियों को मिल रही है निःशुल्क परिवहन सेवा

सीहोर (निप्र)। स्कूली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिये जाने के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति-2020 में रोचक एवं आनंददायक शिक्षा दिये जाने की अनुशंसा की गयी है। इस उद्देश्य से सीएम राइज योजना के तहत विद्यालयों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों को दो चरणों में सर्व-संसाधनयुक्त बनाया जा रहा है।

योजना के दूसरे चरण में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विद्यालयों को सर्व-संसाधन रूप में विकसित करने की स्वीकृति दी गयी है। इस पर तेजी से काम किया जा रहा है। इन विद्यालयों में कक्षा-केजी से कक्षा-12वीं तक पढ़ाई का संचालन किया जायेगा।

# नर्मदा के जल के स्पर्श से पाषाण भी शिव हो जाते-पंडित चेतन उपाध्याय



सीहोर (निप्र)। शहर के ब्रह्मपुरी कालोनी स्थित चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार से सात दिवसीय संगीतमय नर्मदापुराण का आयोजन किया जा रहा है। समस्त महिला मंडल ब्रह्मपुरी कालोनी के तत्वाधान में सुबह नौ बजे शहर के देवनगर कालोनी स्थित मंदिर से कलश यात्रा के साथ दोपहर में नर्मदा पुराण का श्रीगणेश किया गया। पहले दिन की कथा में मां नर्मदा की महिमा के बारे में बताया गया। दौरान कथा व्यास पंडित चेतन उपाध्याय ने नर्मदा जी की उत्पत्ति का विचरण किया और नर्मदा जी साक्षात धरती पर मौजूद है। नर्मदा के जल के स्पर्श से पाषाण भी शिव हो जाते हैं। नर्मदा जी ने शंकर से वरदान मांगा था कि मेरे जल में आप सदा निवास करें। इसके बाद से ही शिव नर्मदा में कंकर के रूप में रहते हैं। नर्मदा जी ने शंकर से वरदान मांगा था कि मेरे जल में आप सदा निवास करें। इसके बाद से ही शिव नर्मदा में कंकर के रूप में रहते हैं।

उन्होंने कहाकि यह क्षेत्र में पहला अवसर है जिसमें संगीतमय नर्मदा पुराण करने का अवसर मिला है। भगवान शंकर की करुणा से मां नर्मदा का अवतरण भारत की भूमि पर हुआ है। करोड़ों ऋषि मुनियों ने जिसके तट पर बैठ कर सिद्धि प्राप्त की है। संसार में भगवान सत्यनारायण की कथा में इतिश्री रेवा खंडे का वर्णन आता है। प्रभु की किसी और कथा में इस तरह का वर्णन नहीं है। 16 वर्षीय शिव के परम भक्त मार्कण्डेय की निर्धारित आयु थी जब यम उन्हें लेने आए तब भगवान महाकाल ने मार्कण्डे को काल से मुक्त कर चिरंजीव होने का वरदान दिया। ऋषि मार्कण्डे ने नर्मदा के तट पर घोर तपस्या की और नर्मदा पुराण लिखी। जिसने अपने जीवन में नर्मदा की परिक्रमा की उसे सभी तीर्थों का पुण्य प्राप्त होता है। संसार में नर्मदा एक मात्र ऐसी पुण्य सलिला है जिस पर पुराण लिखा गया है और जिसकी परिक्रमा होती है। आपके तीन घंटे में नर्मदा पुराण का सुंदर वर्णन कर मां नर्मदा के आध्यात्मिक, पर्यावरणिक, वैज्ञानिक, रहस्यों का चित्रण किया।

समस्त महिला मंडल ब्रह्मपुरी कालोनी के तत्वाधान बुधवार से आरंभ हुई सात दिवसीय नर्मदा पुराण के पहले दिन मां नर्मदा का महत्व बताया गया था, गुरुवार को नर्मदापुराण के दूसरे दिन भगवान शिव और माता सती का प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कथा दोपहर एक बजे से चार बजे तक जारी रहती है। महिला मंडल ने सभी क्षेत्रवासियों से नर्मदा पुराण का श्रवण करने की अपील की।

# कॅरियर काउसिंलिंग के तहत शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर शिविर का आयोजन




सीहोर (निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेंटर) द्वारा लगातार राज्य सरकार के निर्देशानुसार कॅरियर काउसिंलिंग का आयोजन जिले के विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालय में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कॅरियर काउसिंलिंग के तहत पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर में लक्ष्य निर्धारण एवं कॅरियर प्लानिग के के तहत शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य श्रीमति फासिसका बारां ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि ध्यान से सुनना एवं अपने जीवन में काम की बातों का अनुसरण करने से सफलता मिलना आसान हो जाता है। मनोवैज्ञानिक डॉ. राकेश दांगी द्वारा विद्यार्थियों को उनके रूचि, अभिरूचि एवं व्यक्तित्व के अनुसार लक्ष्य निर्धारण करने एवं कॅरियर प्लानिंग करने के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की और बताया कि शार्ट टर्म एवं लांग टर्म लक्ष्य निर्धारण एवं कॅरियर प्लानिंग करने के लिए स्व-जागरूकता पर फोकस करते हुए सामाजिक कौशल, चिनन कौशल एवं भावनात्मक कौशलों पर विस्तृत रूप से छात्र- छात्रों को जानकारी दी ओर कहां कि अपने जीवन में सकारात्मकता लाने के लिए जीवन कौशल शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण हैं। काउंसलर रवि राठौर द्वारा विभिन्न कॅरियर ऑप्सन एवं कॅरियर संबंधित जिज्ञासाओं को शांत किया गया। आपने युपीएससी. एवं मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं पर विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 172 विद्यार्थियों एवं स्कूल का स्टॉफ उपस्थित रहा।

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

सीहोर (निप्र)। अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लैट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में संपत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री कराने पर हो जाता है।

# कलेक्टर ने किया पोषण वाटिका और गौशाला का निरीक्षण

### पोषण वाटिका से आय बढ़ाने तथा गौशाला का बेहतर प्रबंधन के दिए निर्देश



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने सीहोर जनपद के ग्राम पंचायत जहांगीरपुरा के कम्युनिटी न्यूट्रिशन गार्डन (सीएनजी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्व-सहायता समूह की महिलाओं से विस्तार से चर्चा की। समूह की महिलाओं से चर्चा के दौरान उन्होंने कम्युनिटी न्यूट्रिशन गार्डन से अर्जित आए के विषय में भी पूछा तथा इससे होने वाली आय को बढ़ाने के लिए सुझाव भी दिए। जहांगीरपुरा के पश्चात् कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने ग्राम पंचायत थूनाकला की गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गायों की संख्या एवं उनके पीने के पानी की व्यवस्था के साथ ही चारा भूसा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चारे के लिए शासन से मिलने वाले आवंटन, चारा प्राप्ति स्थान और दानदाताओं के बारे में जानकारी लेते हुए गौशाला का बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तन्मय वर्मा, जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल सहित स्वसहायता समूही की महिलाएं उपस्थित थी।

# पॉक्सो अधिनियम-कानून के अंतर्गत अनेक सुविधाएँ

सीहोर (निप्र)। भारत में बच्चों के यौन उत्पीड़न से संबंधित जटिल और संवेदनशील मुद्दों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2012 में पॉक्सो अधिनियम लागू किया गया था। इसी अधिनियम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को यौन उत्पीड़न से सुरक्षित रखना तथा ऐसे मामलों में अपराधी को कठोर सजा दिलाना है। 24 घंटों के अंदर बच्चे को संरक्षण व जरूरत के अनुसार चिकित्सा सुविधा। किसी व्यक्ति पुलिस द्वारा रिपोर्ट न करने पर 6 माह का कारावास या जुर्माना या दोनों। विधि सहायता एवं व्यय वहन करने में असमर्थ होने की स्थिति में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुफ्त वकील की व्यवस्था। प्रत्येक प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायालय में होना अनिवार्य है।चालान/रिपोर्ट की मुफ्त प्रति बच्चे के माता-पिता को उपलब्ध कराना।केस की सुनवाई बंद कमरे में होना एवं इस दौरान बच्चे की गरिमा सुनिश्चित रखना। संचालन के लिए एक विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति करना।अपराध की जानकारी मिलने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर बच्चे को न्याय दिलवाना अनिवार्य है।केस के दौरान हिंसा होने पर पुन: रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं, क्योकि इसमें आरोपी की सजा बढ़ा दी जाती है।इस अधिनियम में बच्चे को संरक्षण देने का भी प्रावधान है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र परिवार 31 मार्च तक नाम जुड़वा सकते हैं

### आवास प्लस 2.0 ऐप से होगा सर्वे, हितग्राही स्वयं भी कर सकते हैं आवेदन




सीहोर (निप्र)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव/रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल (https: //pmayg. nic. in/infoapp. html) पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्त जिले/जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण दिया गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

# शहीदों की स्मृति में आज मौन धारण

सीहोर (निप्र)। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रात:11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने समस्त कलेक्टरों को इस आशय के निर्देश जारी किए हैं। शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाने की अपेक्षा की गयी है। इस दिन व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए प्रात: 11 बजे कार्य और अन्य गतिविधियाँ रोककर दो मिनिट का मौन रखा जाए। जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जायेंगी। सायरन 10:59 बजे से 11 बजे तक बजाए जाने चाहिए और दो मिनट के बाद 11:02 बजे से 11:03 बजे तक पुन: क्लियर सायरन बजाए जाने चाहिए। जहां सायरन उपलब्ध हो वहां यह कार्यविधि अपनाई जाए।

# अहिरवार समाज संघ ने नवागत कलेक्टर का किया स्वागत



सीहोर (निप्र)। बुधवार को अहिरवार समाज संघ के पदाधिकारियों ने नवागत कलेक्टर बालागुरु के से सौजन्य भेंट की। पदाधिकारियों ने कलेक्टर का स्वागत किया।और शाल उढ़ाकर अभिनंदन किया। इस दौरान संगठन की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा की। अहिरवार समाज संघ के प्रांतीय सचिव विनोद बढ़ोदिया ने बताया कि संगठन कई वर्षो से सामाजिक कार्यो में सक्रिय रहता है और गरीब मजदूर, जरुरत मंद लोगों के हक अधिकारों की बात उठाता रहता है। इस मौके पर मंशाराम अहिरवार, नर्मदा प्रसाद अहिरवार, रमेश अहिरवार, भोलाराम अहिरवार, प्रदीप सरकार, लक्ष्मीनारायण अहिरवार, देवीराम अहिरवार, देवीराम अहिरवार, मांगीलाल अहिरवार, ओमप्रकाश अहिरवार, मिश्रीलाल अहिरवार, तुलाराम जांगड़ा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# समस्याएं बताना नागरिकों का हक है और उनका समाधान निकालना हमारी ड्यूटी है : कलेक्टर बालागुरु के.

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण को दैनिक कार्यसूची में शामिल करें राजस्व अधिकारी



सीहोर (निप्र)। अपनी शिकायतों समस्याओं से अवगत कराना नागरिकों का हक है और उनका समाधान निकालना हमारी ड्यूटी है। आपके पास आने वाले आमजन की पहले पूरी गंभीरता से शिकायत-समस्याएं सुने, फिर उनका निराकरण कर उन्हें भी अवगत करायाएं। यह बात नवागत कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित पहली टीएल बैठक लेते हुए अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आपके पास आ रहा है तो उसे केवल शिकायतकर्ता के रूप में नही देखें, बल्कि उसकी समस्या को भली भांति जाने ताकि संतुष्टि पूर्वक समाधान किया जा सके।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के जिलाधिकारियों से कहा कि अधिक समय शिकायतें लंबित न रहें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि 100 दिवसीय निक्षय शिविर कार्ययोजना को प्रभावी रूप से चलाएं और अधिक से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करें। उन्होंने कहा कि टीबी के मरीजों के संपर्क में जो व्यक्ति आए हैं, उनकी भी स्क्रीनिंग की जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निक्षय मित्र बने हैं और टीबी मरीजों को फूड बास्केट दे रहे हैं, यह अच्छी बात है, लेकिन केवल फूड बास्केट देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि गोद लिए हुए टीबी मरीज से सतत संवाद कर उन्हें दैनिक जीवन में स्वास्थ्यवर्धक आहार लेने के लिए प्रेरित किया जाए तो जल्द और बहेतर परिणामें आएंगे। बैठक में जानकारी दी गई कि अभी तक 1,25,015 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंल योजना की समीक्षा के दौरान अनुग्रह राशि के त्वरित भुगतान की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। जो आवेदन अधिक लंबे समय से संबित हैं उनका पहले निराकरण किया जाए। उन्होंने सभी कॉलेजों को निर्देश दिए कि छात्रवृत्ति के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए ताकि बच्चों को राशि मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि वनग्रामों में फौती नामान्तरण के 516 वनाधिकार पट्टों का नामान्तरण शीघ्र किया जाए। उन्होंने धान उपार्जन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि जिन किसानों का भुगतान रह गया उन्हें जल्द भुगतान कराएं। जिले में 42156 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। गेहूं उपार्जन के लिए अभी तक 5057 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। पंजीयन 31 मार्च तक चलेगा। कलेक्टर बालागुरू के.ने ग्रामीण विकास, रोजगार, कृषि, सहकारिता, लोक निर्माण, नगरीय निकाय, समाज कल्याण, खाद्य, जल संसाधन तथा राजस्व विभाग सहित अनेक विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, जमील खान, श्रीमती स्वाती मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# विजेन्द्र परमार का चयन नेशनल रैफरी के रूप में



सीहोर (निप्र)। शहर के प्रतिभाशाली फुटबाल खिलाड़ी और नेशनल रैफरी के रूप में अपनी सेवा देने वाले विजेन्द्र परमार का चयन उत्तराखंड में होने वाली 38 वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए रैफरी के लिए चयन हुआ है। आगामी 30 जनवरी से सात फरवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में शामिल होकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

श्री परमार किसी पहचान के मोहताज नहीं है। इससे पहले वह संतोष ट्राफी महाराष्ट्र और पांच बार नेशनल प्रतियोगिता में खेल चुके है। उनके नेशनल प्रतियोगिता में रैफरी के चयन होने पर विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सन्नी महाजन, अखिलेश राय, जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, अताउल्ला खान, अरुणा पारे, आनंद उपाध्याय, विपिन पवार, अरुण राठौर, दीपक गुरुवाणी, प्रियांशु दीक्षित आदि शामिल है।

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने प्रत्येक सोमवार को शिविर का आयोजन

सीहोर (निप्र)। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रत्येक सोमवार को उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वितरण केंद्र अथवा जोन कार्यालय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल में सुधार, गलत रीडिंग, आंकलित खपत अथवा अन्य किसी भी तरह की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। कंपनी के प्रबंध संचालक ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का स्थल पर ही संतोषजनक निराकरण किया गया है। उपभोक्ता कंपनी के वितरण केंद्र अथवा जोन कार्यालय स्तर पर प्रति सोमवार लगने वाले शिकायत निराकरण शिविर में पहुंचकर अपनी जो भी समस्याएं हैं, उन्हें अधिकारियों से आमने-सामने बैठकर बातचीत करके हल करवा सकते हैं। बिल संबंधी शिकायतों को कंपनी के संपर्क केन्द्र के दूरभाष क्रमांक 1912 पर, उपाय ऐप, चैटवॉट अथवा कंपनी के पोर्टल portal.mpcz.in के माध्यम से दर्ज कराना अनिवार्य किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com